शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 110 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 16 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# कांग्रेस सिर्फ हिंदू-मुसलमान कर रही: मोदी

## जिन लोगों ने गरीबी हटाने का झूठा नारा दिया, हर चुनाव में गरीबों को गरीब बनाते थे: पीएम

**मुंबई**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कल्याण में कहा कि कांग्रेस की नजर एसटी-ओबीसी आरक्षण पर है। कांग्रेस कभी भी विकास के लिए काम नहीं करती। कांग्रेस सिर्फ हिंदू-मुसलमान कर रही है। पूरे देश में कर्नाटक पैटर्न लागू करने का विचार कांग्रेस का है। पीएम मोदी बुधवार को कल्याण में भाजपा नीत गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचारसभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब के विकास की माला जपती रहती है, लेकिन हमेशा कांग्रेस ने सिर्फ अपना विकास किया है। जब कांग्रेस सरकार में थी तो वे खुलेआम कह रहे थे कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने गरीबी हटाने का झूठा नारा दिया। हर चुनाव में गरीबों को गरीब बनाते थे। ये उनका खेल था। उन्होंने भ्रष्टाचार को अपनी आदत बना ली थी। क्या ऐसे लोग देश का नेतृत्व कर सकते हैं? क्या वे आपका सपना पूरा कर सकते हैं? मोदी ने पिछली सरकार द्वारा विकास पर लगाए गए ब्रेक को हटा दिया और गाड़ी को टॉप गियर में ले गए। पीएम मोदी ने कहा कि 'कांग्रेस के युवराज हमेशा सावरकर के खिलाफ बोलते थे। लेकिन जब से चुनाव की घोषणा हुई है, उन्होंने साहूकारों के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला है। अगर उनमें हिम्मत है तो वे वीर सावरकर के पक्ष में पांच वाक्य बोलकर दिखाएं।' मोदी ने कहा कि 'कांग्रेस के युवराज फिर वही खेल खेल रहे हैं। कर्नाटक उनका प्रायोगिक विद्यालय है। उनकी सरकार आने के बाद मुसलमानों को रातों-रात ओबीसी बना दिया गया और ओबीसी आरक्षण लूट लिया गया। वे एसटी-ओबीसी आरक्षण में कटौती करेंगे और इसे मुसलमानों को देंगे।' प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आज जितना काम कर रहे हैं, उसी तरह का काम 04 जून के बाद भी जारी रहेगा। चार जून के बाद उसी ताकत से काम करेंगे।




## मुंबई में पीएम मोदी के रोड शो में उमड़ी मुंबई वासियों की भारी भीड़

**मुंबई**

मुंबई में बुधवार शाम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोके दी रोड शो में मुंबईवासियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रधानमंत्री का जगह-जगह पर मुंबईकरों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और प्रधानमंत्री ने भी नागरिकों के स्वागत का जवाब भी उसी गर्मजोशी से दिया। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को नासिक के डिडोरी में प्रचारसभा को संबोधित करने के बाद कल्याण पहुंचे थे। कल्याण में पीएम मोदी ने प्रचार सभा संबोधित किया, इसके बाद पीएम मोदी मुंबई में पहुंचे। इस रोड शो में प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे। इस रोड शो में मोदी के साथ कारों का बड़ा बेड़ा भी नजर आ रहा था।

## कांग्रेस के लोग मंदिर को लेकर बकवास कर रहे हैं: पीएम मोदी

**मुंबई/एजेंसी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाराष्ट्र के डिंडोरी में जनसभा की। उन्होंने कहा- आज मोदी गरीब को पक्के घर दे रहा है, बिजली कनेक्शन, हर घर जल, उज्ज्वला का गैस कनेक्शन दे रहा है। हमने कभी किसी का धर्म नहीं देखा। सबके लिए योजनाएं बनाईं, सबको योजनाओं का लाभ दिया। उन्होंने कहा- कांग्रेस की सोच है कि देश की सरकारें जितना बजट बनाती हैं, उसका 15% सिर्फ अल्पसंख्यक पर खर्च हो, यानी धर्म के आधार



पर बजट का भी बंटवारा। धर्म के आधार पर इन्होंने देश को बांटा और आज भी वो धर्म के आधार पर भांति-भांति के बंटवारे करने में लगे हुए हैं।

मोदी ने कहा- बालासाहेब का मानना था कि जिस दिन शिवसेना कांग्रेस की राह पर चलने लगेगी, उस दिन उनकी शिवसेना का अंत हो जाएगा। आज यह जो विनाश हो रहा है, यह बालासाहेब को सबसे ज्यादा दुखी करता होगा। बालासाहेब ठाकरे का सपना था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो। यह सपना पूरा हुआ, लेकिन इससे सबसे ज्यादा चिढ़ नकली शिवसेना को हो रही है। कांग्रेस ने प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। नकली शिवसेना ने भी वही रास्ता चुना। कांग्रेस के लोग मंदिर को लेकर बकवास कर रहे हैं। नकली शिवसेना पूरी तरह से चुप है।

## सेवा करना मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य- पीएम मोदी



**पीएम मोदी** ने आरोप लगाया कि कांग्रेस चाहती है कि बजटीय आवंटन का 15 प्रतिशत धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए अनिवार्य हो। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने पहले देश को धार्मिक आधार पर विभाजित किया, और अब वे फिर से विभाजन पैदा करने के लिए धर्म का उपयोग कर रहे हैं। आपने पिछले 10 साल में मेरा काम देखा है और अब मैं आपके पास आज आशीर्वाद मांगने के लिए आया हूं, तीसरे कार्यकाल के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं, विकसित भारत बनाने के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं।

**सेवा करना मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य- पीएम मोदी**

उन्होंने कहा कि कल काशी में मैंने बाबा विश्वनाथ और काल भैरव का नाम लेकर नामांकन किया और आज यहां त्र्यंबकेश्वर और कालाराम की धरती पर हूं। आपकी सेवा ही मेरे जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य है।

**अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण था बाला साहब का सपना**

पीएम मदी ने इस दौरान शिव सेना (यूबीटी) पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नकली शिवसेना ने बाला साहब के हर सपने को चूर-चूर कर दिया है। बाला साहब ठाकरे का सपना था, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो। बाला साहब का सपना था, जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म हो। ये सपना पूरा हुआ, लेकिन इससे सबसे ज्यादा चिढ़ नकली शिवसेना को हो रही है।

## स्वाति मालीवाल के साथ कथित बदसलूकी पर भाजपा का वार, पूछा- चुप क्यों हैं केजरीवाल?

**नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से कथित बदसलूकी मामले में भाजपा नेता शाजिया इल्मी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर एक बार फिर हमला किया है। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में शाजिया इल्मी ने कहा कि 13 मई को मुख्यमंत्री आवास पर हुई घटना के पीछे का सच अरविंद केजरीवाल को देश की जनता को बताना चाहिए। पिछले 48 घंटे से महिलाएं ये सवाल अरविंद केजरीवाल से पूछ रही हैं। अरविंद केजरीवाल अब तक चुप क्यों हैं? उन्होंने विभव कुमार के खिलाफ क्या कार्रवाई की? क्या विभव कुमार ने अरविंद केजरीवाल के कहने पर स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की? क्या स्वाति मालीवाल सुरक्षित हैं? इस घटना पर इंडी एलायंस चुप क्यों है? शाजिया इल्मी ने कहा कि अन्ना हजारे आंदोलन के दिनों से अरविंद केजरीवाल के साथ थी तो मैं सभी के चेहरों को जानती हूं। कोई भी निजी सलाहकार स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी कर सकता है, मैं विश्वास नहीं कर सकती हूं। स्वाति मालीवाल दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख रही हैं और पार्टी की सबसे पुरानी सदस्य हैं। एनजीओ के दिनों से वह साथी हैं। क्या बिना मुख्यमंत्री की जानकारी के विभव बदसलूकी कर सकता है। अरविंद केजरीवाल को इन सवालों के जवाब देने चाहिए। उन्होंने कहा कि अलग-अलग विषयों पर खुलकर बोलने वाली महिला नेता अपने विषयों पर चुप हो गई हैं, उन पर कोई दबाव जरूर है।

## देश का निर्यात अप्रैल महीने में मामूली बढ़कर 34.99 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली**

देश में निर्मित वस्तुओं का निर्यात इस साल अप्रैल में मामूली बढ़कर 34.99 अरब डॉलर रहा है। पिछले साल इसी महीने में यह 34.62 अरब डॉलर रहा था। इस दौरान आयात भी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अप्रैल, 2023 में 49.06 अरब डॉलर रहा था।

## जीएसटी के सभी मामलों में गिरफ्तारी की जरूरत नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा है कि जीएसटी के सभी मामलों में गिरफ्तारी की जरूरत नहीं है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि गिरफ्तारी तभी होनी चाहिए जब पुख्ता साक्ष्य हों। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि व्यापारियों को जीएसटी का स्वैच्छिक भुगतान करने के लिए कहना चाहिए। कोर्ट ने कहा था कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि किसी व्यक्ति को छापे के दौरान टैक्स भरने के लिए बाध्य किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा था कि आप अपने विभाग से



कहिए कि वो व्यापारियों से स्वैच्छिक भुगतान के लिए जोर दें न कि बल प्रयोग के जरिये। टैक्स का भुगतान नहीं करने वालों को तीन-चार दिनों का समय दिया जाना चाहिए। 03 मई को कोर्ट ने केंद्र सरकार से जीएसटी के प्रावधानों के तहत जारी किए गए नोटिस और गिरफ्तारियों का ब्यौरा मांगा था। कोर्ट ने कहा था कि वो कानून की व्याख्या कर सकता है और स्वतंत्रता से वंचित करने वाले किसी भी उत्पीड़न से नागरिकों के बचाव के लिए उचित दिशा-निर्देश दे सकता है। कोर्ट ने जीएसटी कानून की धारा-69 के स्पष्ट नहीं होने पर चिंता जताई थी। जीएसटी कानून की धारा 69 गिरफ्तारी की शक्तियों से संबंधित है। सुप्रीम कोर्ट जीएसटी कानून, सीमा शुल्क कानून और मनी लॉन्ड्रिंग कानून के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली करीब 281 याचिकाओं की एक साथ सुनवाई कर रहा है।

## भाजपा को वोट मतलब दलित, गरीब के खिलाफ वोट देना: मल्लिकार्जुन खरगे

**रायबरेली**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रायबरेली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा को वोट देने का मतलब दलितों, आदिवासियों, किसानों और गरीब सवर्णों के खिलाफ वोट देना है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर होते हुए कहा कि युवाओं के पास रोजगार नहीं हैं। लोगों के पास खाने के लिए नहीं है लेकिन मोदी को इसकी परवाह नहीं है बल्कि उनका पूरा ध्यान सत्ता बचाने पर है। सोनिया



गांधी ने सत्ता ठुकरा दी थी लेकिन मोदी सबकुछ भूलकर सत्ता में बने रहने के लिए काम कर रहे हैं।

**कांग्रेस मजदूरों, गरीबों और किसानों के हक की लड़ाई लड़ती है**

खरगे ने कहा कि गांधी परिवार ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया है। हमेशा से बलिदान देकर देश की सेवा की। कांग्रेस मजदूरों, गरीबों और किसानों के हक की लड़ाई लड़ती है। भाजपा अमीरों और पूंजीपतियों को लाभ देने का काम करती है। पीएम मोदी ने कहा था कि काला धन वापस लाएंगे। गरीबों के खाते में 15 लाख रूपए भेजेंगे। सभी बड़े झूठे साबित हुए है। 10 वर्षों के कार्यकाल में जनता के लिए क्या किया। मोदी सरकार के पास इसका कोई जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्ता में बने रहने के लिए मोदी जी नए नए हथकंडे अपना कर जनता को भ्रमित कर रहे हैं।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने हवाई किराये की सीमा तय करने की मांग वाली याचिका खारिज की




**नई दिल्ली**

**दिल्ली हाई कोर्ट** ने हवाई उड़ानों के किराये की सीमा तय करने की मांग खारिज कर दी है। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि एयरलाइन इंडस्ट्री काफी प्रतियोगी है और एयरलाइंस कंपनियां काफी घाटे में चल रही हैं, ऐसे में इस मामले में कोर्ट को कोई भी आदेश देना ठीक नहीं होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि बाजार के नियामक हवाई टिकटों की कीमत तय करते हैं। एयरलाइन इंडस्ट्री प्रतियोगिता के बीच काफी अच्छा कर रही है। एयरलाइन कंपनियां काफी घाटे में चल रही हैं। आज ऑटो रिक्शा का किराया हवाई किराये से ज्यादा है। हालांकि एयरलाइन इंडस्ट्री में निवेश भी काफी आ रहा है। हाई कोर्ट ने कहा कि कुछ चुनिंदा वाक्यों के आधार पर याचिका में मांगी गई मांगे मानी जा सकती हैं। ये सेक्टर काफी सुनियोजित है और अगर कोई सेक्टर अच्छा कर रहा है तो उसमें बहुत बदलाव नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल हाई कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की गई थीं। एक याचिका वकील अमित साहनी ने दायर की थी और दूसरी उपभोक्ता अधिकार कार्यकर्ता बिजॉन मिश्रा ने दायर की थी। याचिका में मांग की गई थी कि हवाई किराया की सीमा तय करने का दिशा-निर्देश जारी किया जाना चाहिए ताकि एयरलाइन कंपनियां यात्रियों से मनमाना किराया नहीं वसूल सकें। सुनवाई के दौरान नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि हवाई किराया रूट और हवाई जहाजों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। कई बार तो काफी कम यात्री होने के बावजूद एयरक्राफ्ट उड़ान भरते हैं।

## हिंदुस्तान कॉपर खदान में फंसे एक अधिकारी की मौत

**जयपुर**

नीम का थाना जिले के खेतड़ी के कोहिलान खदान में फंसे 15 में से एक अधिकारी की मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले चीफ विजिलेंस ऑफिसर उपेंद्र पांडे हैं। बाकी सभी 14 लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। जिनमें से तीन को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया है। मौके पर अभी भी पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। दरअसल, मंगलवार देर रात हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान खदान



में करीब 1800 फीट गहराई में 15 लोग फंस गए थे। यह सभी ऑफिसर खदान में विजिलेंस का काम करके वापस लौट रहे थे इस दौरान अचानक लिफ्ट का रस्सा टूटने से लिफ्ट खदान में गिर गई और उसमें सभी लोग फंस गए। इसके बाद से लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन कर उन्हें बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे थे। करीब 15 घंटे बाद 14 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जबकि एक की मौत हो गई है। इस घटना के बाद जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक नीम का थाना के साथ सीएमएचओ और एसडीआरएफ की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया था।

## भीड़ नियंत्रण पर सरकार सख्त, बिना पंजीकरण नो एंट्री

**देहरादून**

**चारधाम** यात्रा में पंजीकरण से इतर उमड़ रही भीड़ पर नियंत्रण के लिए सरकार एक्शन में आ गई है। मुख्यसचिव ने बैठक में तय किया है कि बिना पंजीकरण किसी को भी चारधाम में एंट्री नहीं दी जाएगी। जो वाहन गैर पंजीकृत तीर्थयात्रियों को यात्रा पर लाएगा, उस पर भी कार्रवाई होगी।

बुधवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने समीक्षा बैठक की। तय किया गया कि चारधाम यात्रा मार्गों पर रैंडम जांच की जाएगी। बिना पंजीकरण या निर्धारित तिथि से पहले आने वाले तीर्थयात्रियों को लौटा दिया जाएगा। जो वाहन गैर पंजीकृत या पंजीकरण तिथि से पूर्व ही यात्रियों को लाएंगे, उनके परमिट रद्द कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजा जा रहा है।

## यूपी में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सलाह दी कि उन्हें सच बोलने की आदत डाल लेनी चाहिए। सीएम योगी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह देश को मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर बांटती रही है। खरगे ने हाल ही में भगवान शिव और प्रभु श्रीराम के बीच लड़ाई लगाने का कुत्सित प्रयास किया है। ये इनकी क्षुद्र मानसिकता है। सीएम योगी ने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने बाबा साहब और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का लगातार अपमान किया है। इंडी गठबंधन के लोगों को पीएम मोदी के विकसित भारत की संकल्पना से चिढ़ हो



रही है। सीएम योगी ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर एक निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में यह बातें कही है।

**फिर से देश की अपूरणीय क्षति करना चाहता है इंडी गठबंधन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा का चार चरण समाप्त हो चुका है। पीएम मोदी की लहर सुनामी बनकर सामने आ गई है और इंडी गठबंधन की हवा निकल चुकी है। जनता ने इन्हें खारिज कर दिया है। इंडी गठबंधन फिर से देश की अपूरणीय क्षति करना चाहता है। मगर, जनता ने इनसे पिंड छुड़ा लिया है। अब ये देश की सत्ता में कभी नहीं आ सकते। योगी ने कहा कि बाबा साहब का सबसे ज्यादा अपमान कांग्रेस ने किया, तो वहीं सपा ने भी बाबा साहब और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का अपमान किया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दलित महापुरुषों के स्मारक को तोड़ने तक की बात कही थी। इसके अलावा कन्नौज के मेडिकल कॉलेज से बाबा साहब के नाम को हटाया था। इतना ही नहीं कांशीराम मेडिकल कॉलेज और भाषा विश्वविद्यालय का नाम बदल दिया था। इंडी गठबंधन भारतीय संविधान के खिलाफ आचरण और जाति के नाम पर विभाजन की राजनीति का अनुसरण कर रहा है।

**इंडी गठबंधन राम विरोधी, भारतीय आस्था का विरोधी और आरक्षण विरोधी**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज का नया भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में सम्मान और सुशासन के नये माहौल में आ चुका है। इस विकसित भारत की संकल्पना से इंडी गठबंधन को चिढ़ हो रही है। कभी ये पाकिस्तान की वकालत करते हैं, कभी जातीय जनगणना की बात करते हैं। संविधान में जितना संशोधन और छेड़छाड़ कांग्रेस ने किया, उतना किसी ने नहीं किया। अब ये लोग एससी-एसटी, ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाना चाहते हैं। आने वाले तीन चरणों में भी इन्हें जनता खारिज करेगी।

इंडी गठबंधन राम विरोधी, भारतीय आस्था का विरोधी और आरक्षण विरोधी है। यूपीए सरकार ने पहले ही रंगनाथ मिश्रा और सच्चर कमेटी का गठन कर आरक्षण में सेंध लगाने की कोशिश की थी।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, घर में मचा कोहराम

अखण्ड भारत संदेश



**मांडा।** दिघिया पुलिस चौकी क्षेत्र के गरेथा गांव में बीती रात घरेलु विवाद मे एक विवाहिता ने आत्महत्या कर लिया। इससे स्वजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। मांडा थाना क्षेत्र के गरेथा गाव निवासी अरशद अली की पत्नी रेशमी बानो उम्र (26) बीती रात भोजन करके कमरे मे सोने चली गई। इस दौरान मध्य रात्रि उसने कमरे मे ही फांसी लगा लिया। सुबह स्वजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नही खुला। अनहोनी की आशंका को लेकर खिड़की से अंदर का नजारा देख स्वजनों मे कोहराम मच गया। सूचना पर एसीपी रवि कुमार गुप्ता व थाना प्रभारी निरीक्षक मांडा शैलेन्द्र सिंह, दिघिया चौकी प्रभारी बाबूराम पुलिसटीम के साथ मौके पर पहुंचें। उधर सूचना पर मृतका के मायके वाले भी पहुंच गये। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही में जुटी रही। उधर घटना को लेकर स्वजनों सहित मायके वालों का रो- रो कर बुरा हाल हो गया है। उक्त मामले में मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने बताया की शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। पति पत्नी का विवाद सामने आ रहा है। अग्रिम कार्यवाही जारी है।

## कछार में मिली अज्ञात वृद्ध की लाश

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर कछार में मंगलवार की शाम एक वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि देखने से वह घुमंतू लग रहा है शरीर पर उसके शर्ट और गमछा था पीपल के पेड़ के नीचे बैठे हुए मुद्रा में उसका शव चरवाहों ने देखा था।

# पत्थर से दबकर महिला की हुई मौत





अखंड भारत संदेश

**बारा।** बारा क्षेत्र के ग्राम बांकीपुर में एक बुजुर्ग महिला के ऊपर पत्थर गिर जाने से महिला की मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बेलाकली(60) पत्नी राम प्रसाद रैदास बुधवार को रोजाना की तरह काम करने के लिए पहाड़ की तरफ गई थी।पहाड़ से एक पत्थर खिसक कर उसके ऊपर जा गिरा।वह गंभीर रूप से घायल हो गई।वहाँ और मजदूर काम कर रहे देखते ही भाग खड़े हुए। परिजन लेकर उसका इलाज करवाने हेतु ले जा रहे थे कि रास्ते में ही मृत्यु हो गई। सूचना पर मौके पर बारा पुलिस पहुंचीं। शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार आवश्यक विधि कार्रवाई कर शव को मोर्चरी हाउस भेज दिया । मृतका के दो लड़की व दो लड़का है। वही पुलिस का कहना है कि महिला शौच के लिए गई थी, पत्थर गिरने की वजह से काफी चोटे आई, जिस कारण उसकी मौत हो गई है।

# सड़क दुर्घटना में घायल मैकेनिक की इलाज के दौरान हुई मौत

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** सड़क दुर्घटना में घायल मैकेनिक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के निवैया पहाड़पुरगांव निवासी अश्वनी कुमार पटेल (कप्तान) 11 मई शनिवार को टिकरी गांव में साले के तिलक में शामिल होने गया था। घर वापसी के दौरान प्रयागराज मिर्जापुर राजमार्ग पर कचरी गांवके समीप जैसे ही पहुंचा सवारियों को बैठाने के चक्कर में प्राइवेट बस ने ओवरटेक के दौरान टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार अश्वनी कुमार के सिर में गंभीर चोटें आ गई। तथा दुर्घटना में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। राह चलते राहगीरों ने घायल अश्वनी को आर्गन हॉस्पिटल में भर्ती कराते हुए। परिजनों को मामले से अवगत कराया। हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मंगलवार सुबह 4 बजे भोर के आसपास उसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सिरसा छतवा गंगा घाट पर उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बता दे कि मृतक अश्वनी कुमार चिरैया मोड़ पर शुक्ला इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर 15 सालों से मैकेनिक का काम करता था और पटेल मिस्त्री के नाम से जाना जाता रहा है। मृतक अश्वनी की तीन छोटी छोटी बेटियां हैं। उसकी मौत से पत्नी सहित बच्चियों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन पंकज शुक्ल महाराज ने सुनाई मंगला चरण सुखदेव जन्मोत्सव सुखदेव पूजन की कथा

## कठौली की श्रीमद् भागवत कथा





**मेजा।** विकास खंड उरुवा के कठौली गांव में मुख्य यजमान मूरत नारायण शर्मा श्री नारायण शर्मा व श्रीमती नयन कुमारी शर्मा के नेतृत्व मेंआयोजित 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा से शुरू हुआ तत्पश्चात शायं 4 बजे प्रथम दिन की कथा में मंगला चरण सुखदेव जन्मोत्सव परीक्षित जन्म एवं सुखदेव पूजन की कथा मुख्य कथा वाचक पंडित पंकज शुक्ल जी महाराज वृंदावन धाम व सहित्याचार पंडित अरुण कुमार तिवारी द्वारा सुनाई गई। इस दौरान कुलगुरू पंडित ओम तिवारी भी कथा में मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी कथा के आयोजक साइंटिस्ट अमेरिका डा राजेश शर्मा व विनोद शर्मा ने देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुरू होने के बाद शायं की उक्त कथा में बड़ी संख्या में उपस्थित गांव एवं अगल बगल गांव के श्रोतागण महाराज के श्री बचनों से सुना और काफी आनंदित हुए। उहोंने यह भी बताया कि अनवरत 9 दिनों तक जारी रहने वाली इस भागवत कथा के मुख्य श्रोता डॉ अनिल शर्मा अश्वनी कुमार शर्मा सुनील कुमार शर्मा सुभाष शर्मा प्रमोद शर्मा ( लल्लू ) प्रशांत राय कौशल राय प्रखर राय विवेक राय सत्यम राय आदित्य शर्मा ईशान शर्मा हर्षित राय सतीश कुमार शर्मा ललित कुमार शर्मा पत्रकार विमल राय तथा अधिवक्ता धीरज शर्मा रहे। कथा का समापन देर शाम हुआ। शर्मा बंधुओ ने बताया कि दूसरे दिन की कथा श्रृष्टि विस्तार कपिलो पाख्यान सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र पर आधारित होगी। भागवत कथा के इस पावन अवसर पर शर्मा बंधुओं ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने तथा कथा का अनुशरण कर जीवन को सार्थक बनाने की अपील किया है।

## जमीनी विवाद को लेकर हुए मार पीट में कई घायल

**एस सी एस टी एक्ट में मुकदमा दर्ज**

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर घर में घुस कर मार पीट तोड फोड की गयी जिसमें कई को चोटें आयी है। पुलिस ने चौदह के खिलाफ मुकदमा एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम झलियाही कहली निवासी मनीष कुमार पुत्र कालीदीन का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी उसके घर में घुस कर तोड फोड कर परिजनों को मारे पीटे तथा परिजनों को बेहोश कर दिए तथा जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक गालियां दी। मनीष कुमार ने मऊआइमा थाने में राम कृपाल, सुनील कुमार, राम गुलाब, महादेव, मनोज कुमार,राम सिंह, प्रीयांशू, इन्द्रावती, गीता देवी, लालती, पूनम, रूनम, नीतू,रितू के खिलाफ मार पीट एस सी एस टी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# सोरांव यूथ क्लब मेजा के खेल मैदान पर इक्कीस दिवसीय ग्रीष्म कालीन वॉलीबाल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**मेजा।** डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन डीवीए प्रयागराज के तत्वावधान में स्थानीय सोरांव यूथ क्लब के ग्राउंड पर इक्कीस दिवसीय ग्रीष्म कालीन वॉलीबाल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ बुधवार को किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन समारोह सोरांव यूथ क्लब के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब पुलिस के पूर्व महानिदेशक एपी पांडेय आईपीएस ने फीता काटकर किया। वॉलीबाल खेल के एफआईवीबी लेवल-1 के कोच मुकेश शुक्ला एवं प्रशिक्षक गणेश शंकर ने मुख्य अतिथि महोदय को प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले चयनित खिलाड़ियों से परिचय कराया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चें कल के भविष्य हैं उन्होंने खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना एवं बधाई देते हुए आगे कहा कि बच्चे इन कुशल प्रशिक्षकों की देखरेख में खेल के गुण व बारीकियां सीखकर अपने जिला व राज्य का नाम रोशन करेंगे। इसी क्रम में डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन प्रयागराज के अवैतनिक महासचिव आरपी शुक्ला ने प्रशिक्षण शिविर से




सम्बंधित आख्या प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन की ओर से प्रभाकर चौबे टाटा ने मुख्य अतिथि व अन्य आगन्तुक अथितियों का स्वागत कर आभार ब्यक्त किया। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष केबीएल श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सोरांव यूथ क्लब ग्राउंड के संस्थापक सदस्य रमेश चंद्र द्विवेदी (महात्मा जी), बार एसोसिएशन मेजा के पूर्व अध्यक्ष मुनेश्वर शुक्ला, वाईएन सिंह, उमाकांत तिवारी, रामस्नेही शुक्ला, कुशल कांत मिश्रा, देवेंद्र नाथ शुक्ला, बल्लर पटेल, सत्यदेव विश्वकर्मा, हवीउल्ला खां, अंकित विश्वकर्मा, हिमांशु द्विवेदी, ठाकुर प्रसाद यादव, विवेक शुक्ला, बबलू पांडेय, संतोष भास्कर, पियूष मिश्रा, उमाशंकर द्विवेदी, पंकज शुक्ला तथा महेश चंद्र द्विवेदी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# महान किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत की मनाई गई पुण्यतिथि



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** जय जवान जय किसान किसान एकता जिंदाबाद का अलख जगाने वाले एवं भारतीय किसान यूनियन के प्रणेता तथा पूर्व मुखिया बाबा महेंद्र सिंह टिकैत जी की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विकासखंड सहसों के पाली ग्राम सभा में लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद एवं नमन किया। इस मौके पर महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा एडवोकेट, विधिक सलाहकार पंडित अशोक कुमार मिश्रा, तहसील अध्यक्ष फूलपुर हर गोविंद यादव, सहसों ब्लॉक अध्यक्ष जियालाल, ग्राम सभा अध्यक्ष फूलन देवी एवं उपाध्यक्ष उर्मिला देवी पटेल सहित आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान सम्मान सुरक्षित : स्वतंत्र देव

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के रिठुआं, किशुनीपुर मड़वा में बुधवार को आयोजित भदोही लोकसभा युवा सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर बुल्डोजर से पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। उपस्थित जनसमूह एवं युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में लाखों की संख्या में वो युवा वोटर हैं जो पहली बार मतदान कर रहे हैं। यह देश का सौभाग्य है कि हमें प्रधानमंत्री मोदी जैसा नेतृत्व मिला है। भदोही लोकसभा प्रत्याशी डॉ विनोद कुमार बिंद के लिए आयोजित लोकसभा स्तरीय युवा मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश के नागरिक की सुरक्षा और कानून व्यवस्था इस सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा यही वजह है कि देश के युवा मोदी जी को पसंद करते हैं युवाओं का पहला वोट देश के नाम पर होगा, मोदी जी के नाम पर होगा।कहा, पहली बार वोट देने जा रहे मेरे युवा साथियों को याद रहे कि उनके एक वोट से गरीबों के लिए पक्का मकान, युवाओं के लिए रोजगार, देश की सीमाओं को सुरक्षा, फ्री राशन, फ्री चिकित्सा और फ्री शिक्षा सुनिश्चित होती है। हर घर बिजली और हर नल जल पहुँचता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार गरीब को गरीब, वंचित को वंचित के निगाह से देखती



है जबकि कांग्रेस-सपा के लिये सब वोट बैंक हैं।अपील करते हुए कहा कि आज हमारे देश का युवा जागरुक हो चुका है उसे ना जातिवाद दिखता है न क्षेत्रवाद वह सिर्फ राष्ट्रवाद के साथ है और हमेशा राष्ट्रवाद के साथ रहेगा।हर एक वोट की कीमत है उठकर बूथ तक जाइए और पूरी ताकत से कमल के निशान पर बटन दबाइए और अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित कीजिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गंगापार भाजपा कविता पटेल एवं संचालन नवीन सिंह पटेल जिलाध्यक्ष गंगापार भाजयुमो एवं मंडल अध्यक्ष जंघई भाजपा संदीप गुप्ता ने किया।इस अवसर पर सुप्रसिद्ध गायक कलाकार विकास पांडेय ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम स्थल भारत माता की जय, जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा।इस अवसर लोकसभा प्रभारी श्याम बिहारी पांडेय, पूर्व प्रत्याशी प्रतापपुर विधानसभा इंजीनियर घनश्याम पांडेय, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा हंडिया अवधेश कुमार तिवारी, ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव, ब्लाक प्रमुख धनूपुर ज्योति यादव, ब्लाक प्रमुख हंडिया महेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख सैदाबाद राजेंद्र पटेल, जिला पंचायत सदस्य अरविंद विश्वकर्मा, रामलोलारख सिंह, हरिभूषण सिंह, योगेश मौर्य, सचिन गोस्वामी, सत्यम हिंदू, कपिल मिश्रा, सूबेदार गुप्ता, विधानसभा प्रभारी इंद्रकुमार सिंह, जंघई मंडल प्रभारी पूनम सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग गंगापार राजा मौर्य, साहब लाल मंडल अध्यक्ष जंघई युवा मोर्चा, धर्मेंद्र मौर्य, बच्चन मिश्रा प्रधान, आशुतोष त्रिपाठी, डिंपी पांडेय, मनोज श्रीवास्तव, मनोज दुबे, आशुतोष पांडेय, कुशलेष दुबे, गिरिश तिवारी, विकास यादव, डिंपल शुक्ला, प्रद्युम्न शुक्ला, रीना सिंह, दीपिका सिंह, गुड़िया सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मांडा इन्स्पेक्टर के नेतृत्व में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान, हड़कंप



**मांडा।** इलाकाई मांडा थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार शाम को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए मांडा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग अभियान चला कर मांडा खास चौराहे पर वाहनों की जांच की गई। चेकिंग अभियान इन्स्पेक्टर मांडा शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शाहनवाज आलम पुलिस टीम द्वारा चौराहे पर वाहनों की सघन जांच पड़ताल की गई । वहीं चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की सघनता से कार की डिग्गी खुलवाकर तलाशी ली गई। संदिग्ध वाहनों ने चेकिंग अभियान को देखकर कई वाहन चालक रास्ता बदलकर भागते नजर आए। तलाशी से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। उपनिरीक्षक शाहनवाज आलम ने बताया कि करीब आधे दर्जन से ज्यादा छोटे वाहनों का चालान किया गया है।वही बड़े वाहनों की तलाशी लिया गया है। कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव को ध्यान में रखकर यह अभियान चलाया गया है।

# समर कैंप के विजेता बच्चों को मिला मेडल, चेयरमैन ने बढ़ाया उत्साह

## एसबीएस एकेडमी के समर कैंप में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं






अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** एसबीएस एकेडमी में चल रहे समर कैंप का बुधवार को मेडल व प्रमाणपत्र वितरण के साथ समापन हो गया। चेयरमैन एसबी सिंह व प्रिंसिपल शर्मिला सिंह ने समर कैंप में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के समर कैंप में कबड्डी, दौड़, खो-खो चेस, कैरम बोर्ड, म्युजिकल चेयर, पेंटिंग और क्राफ्ट की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बुधवार को चेयरमैन एसबी सिंह और एवं प्रिसिंपल शर्मिला सिंह ने बच्चों को पुरस्कृत किया। एकेडमी के चेयरमैन (एडवोकेट) एसबी सिंह ने कहा, इस तरह के आयोजन से बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ उनको अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। बच्चों ने पढ़ाई-लिखाई केसाथ-साथ अन्य रुचियां भी मौजूद होती हैं, उनका पता सही प्लेटफार्म मिलने पर ही लगता है। इस तरह के आयोजन ही बच्चों को अतिरिक्त गतिविधियों में बेहतर करने की प्रेरणा देते हैं। इससे बच्चों का बौद्धिक और शारीरिक विकास भी होता है, जो पढ़ाई के लिए बेहद जरूरी है। इस मौके पर एलबी सिंह, विकास सिंह, सूरज दुबे, अच्युत त्रिपाठी, सविनय सिंह, आमिर अजहर, विभा सिंह, संगीता सिंह, प्रतिमा सिंह, सुधा सिंह, लक्ष्मी केसरवानी, काजल सिंह, हिमांशु सिंह, चेतना सिंह आदि मौजूद रहीं।

## बंजर की जमीन कब्जा करने को लेकर मारा पीटा आगजनी, पांच पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बंजर की जमीन को कब्जा करने को लेकर मारा पीटा गया और छप्पर में आग लगा दी गई। पुलिस ने पांच के खिलाफ एस सी एस टी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकफात्मा उर्फ माधवपुर निवासी शिव बंधी लाला कनौजिया पुत्र मुर्लीधर कनौजिया का आरोप है कि बंजर की जमीन पर कब्जा करने से मना करने पर उसके घर पर चढ कर परिजनों को मारा पीटा गया तथा और घर के सामने मडहा में आग लगा दी गई और जाति सूचक गालियां दी गई। शिवबंशी लाल ने मऊआइमा थाने में रामचन्द्र, राम कृपाल, प्रताप बहादुर, रंग बहादुर, भोला पटेल के खिलाफ एससी एसटी एक्ट, आगजनी का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# आओ मिलकर अलख जगाए शत-प्रतिशत मतदान कराएं

अखंड भारत संदेश




**सहसों।** फिरोज गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज गारापुर में शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लेकर समूह की महिला, विद्यालय के शिक्षक एवं छात्राओं ने गारापुर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। अधिकार प्रेरणा महिला समिति गारापुर द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया। रैली में विद्यालय के बच्चे हाथ में स्लोगन लिखे हुए तख्तियां, पोस्टर लेकर चल रहे थे तथा मतदान के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे थे। रैली विद्यालय प्रांगण से निकालकर आसपास के गांव में भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुआ। तत्पश्चात उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं बच्चों ने शत-प्रतिशत मतदान करने एवं कराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला, गोपाल कृष्ण शुक्ला विनय पांडे गिरीश कुशवाहा, विनय शुक्ला एवं समिति की अध्यक्ष पुष्पा देवी, विमलेश पाल, रेशमा भारतीय सहित अन्य समूह की महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# कार में मिली फार्मासिस्ट की लाश जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गारापुर मार्ग पर बुधवार की दोपहर कार में एक फार्मासिस्ट की लाश मिलने से सनसनी फैल गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पुलिस के उच्च अधिकारियों को सूचना दी। कार के अंदर शराब की बोतल, नमकीन, ग्लास मिली है। संत कबीर नगर के रहने वाले फार्मासिस्ट की पोस्टिंग हंडिया उपरदहा स्थित सीएचसी में थी।

संत कबीर नगर के रहने वाले फार्मासिस्ट प्रमोद कुमार यादव मुंशीपुरवा में मकान बना कर रहता था। पत्नी डॉ. आराधना यादव गोरखपुर में प्राइमरी में टीचर है और वही अपनी बेटी आराध्या व बेटे अद्विक के साथ रहती है। बुधवार को फार्मासिस्ट प्रमोद कुमार सीएससी जाने के लिए कार से निकले थे और रास्ते मे कार में उनका शव मिला। मामले की सूचना पर पहुची मैं फार्मासिस्ट की समाप्त कराई जिसके बाद परिजनों को सूचना देकर शव पीएम के लिए भेज दिया बताया जाता है कि 2018 से फार्मासिस्ट प्रमोद कुमार यादव हंडिया में तैनात थे। पत्नी आराधना भी पति प्रमोद से मौत के बारे में कुछ नहीं बता पा रही है उनका कहना है कि ऐसी कोई बीमारी भी नहीं थी जिससे कि उनकी मौत हो।





## परिषदीय स्कूलों में 20 मई से 17 जून तक छुट्टी

### यूपी के 1.31 लाख स्कूलों में पढ़ रहे 2.10 करोड़ स्टूडेंट्स

**प्रयागराज।** बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों के शिक्षकों और छात्रों को इस बार गर्मी की छुट्टियों में 3 एक्स्ट्रा छुट्टी मिलेगी। परिषदीय और बेसिक स्कूलों में गर्मी की छुट्टी 20 मई से 15 जून तक घोषित है। इस बार छुट्टी शुरू होने से पहले रविवार और खत्म होने के बाद बकरीद पड़ने से 2 अतिरिक्त छुट्टी मिल रही है।गर्मियों की छुट्टियों को देखते हुए स्टूडेंट्स को होमवर्क दिए जाने के निर्देश अधिकारियों ने दिए हैं।

**2.10 करोड़ छात्र-छात्राएं कर रहे पढ़ाई :** बेसिक शिक्षा परिषद के करीब 1.31 लाख विद्यालयों में प्रदेश भर में लगभग 2.10 करोड़ बालक-बालिकाएं शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस बार 19 मई से 17 जून तक ग्रीष्म अवकाश मिलेगा। 19 मई को रविवार होने के कारण 18 मई को शिक्षण कार्य करके विद्यालय बंद किए जाएंगे। इसके बाद सीधे 18 जून को विद्यालय खुलेंगे।उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा- 19 मई व 16 तथा 17 जून को अवकाश मिलने से शिक्षकों को तीन अवकाश का अतिरिक्त लाभ मिल रहा है। साथ ही यह भी कहा कि कई बार ग्रीष्म या शीत अवकाश शुरू होने या खत्म होने के दिन रविवार पड़ने से शिक्षकों को छुट्टियों में नुकसान भी सहना पड़ता है।

# अरैल मोड़ चौराहे से मेवालाल की बगिया तक लगा रहा भीषण जाम




अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में अरैल मोड़ चौराहे से मेवालाल की बगिया तक भीषण जाम। दर्जनों स्कूल और कॉलेजो में बुधवार को आयोजित सीईयूटी खत्म होने पर रात तक क्षेत्र में भीषण जाम की स्थिति बनी रही। उसी जाम में करछना से मरीज को लेकर एसआरएन जा रही एम्बुलेंस काफी देर तक फंसी रही। मेवालाल की बगिया से अरैल मोड़ क्रॉस करने में एम्बुलेंस को 30 मिनट से ज्यादा लग गए। राहगीरों ने एम्बुलेंस देकर खुद रास्ता बनवाया और उसे जाने दिया। अरैल मोड़ चौराहे पर लगने वाले जाम के चलते मेवालाल की बगिया तक जाम की स्थिति बनी रही।

# समोधीपुर में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन





**उतरांव।** समोधीपुर में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजनों के साथ झूम उठे। कथावाचक परमश्रद्धेय अनघ पांडेय महाराज ने कहा की जब जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मनुष्य इस सांसारिक मोह में फस कर अपने जीवन को व्यर्थ गंवा देता है। मनुष्य अपने मन के कुविचारों को निकाल कर परमेश्वर का ध्यान लगाता है तो वह मोक्ष की प्राप्ति करता है। कथा के दौरान फूलों की होली खेली गई और भगवान श्री कृष्ण के जयकारों के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान कथा पंडाल को भव्य तरीके से सजाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंचे। मुख्य यजमान देव नाथ पुष्कर ने उपस्थित भक्तो को प्रसादी वितरित की। उक्त अवसर पर रामलाल गुप्ता प्रधान, सुरेश केसरवानी,जगदीश कुमार पुष्कर, देवनाथ पुष्कर,सुभाष मिश्रा, राम जी पुष्कर, राजीव पुष्कर, रामचंद्र पुष्कर, नीरज पुष्कर,अनुराग पुष्कर, ओमप्रकाश पुष्कर, सुनील पुष्कर, अनिल, दीपक,प्रदीप, संजय, संदीप, रविंद्र, ऋतिक, राहुल, शिवम, शिवांश, सूरज आदि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## आरोपी मुकदमा वापस लेने की दे रहे है धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**झूंसी।** जानलेवा हमले के आरोपी केश वापस लेने की धमकी दे रहे हैं और मुकदमे में खर्च 10 लाख रुपए की भी मांग रहे हैं। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस कमिश्नर से की तो झूंसी पुलिस ने बुधवार को एक और मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई। आरोपियों पर झूंसी, सरायइनायत व थरवई में कई मामले दर्ज है जिनमे पुलिस पर हमले का भी मामला है। मलावा खुर्द निवासी मो. साबिर ने पुलिस कमिश्नर से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उसने गांव के ही फुरकान व उसके भाइयो पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें पुलिस ने फुरकान को पड़कर तमंचे के साथ जेल भेजा था आरोपी छूट कर बाहर आ गया है। अब वह मुकदमा वापस लेने की धमकी दे रहा है और मुकदमे में खर्च 10 लाख रुपए भी वापस मांग रहा है शिकायत पर पुलिस ने फुरकान, जिकरन, नुमान, जावेद, शानू, अच्छे के खिलाफ रंगदारी सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया। बता दे की फुरकान व उसके साथियों पर झूंसी चौकी इंचार्ज अमित सिंह, हनुमानगंज चौकी इंचार्ज धीरेंद्र सिंह व थरवई पुलिस पर भी हमले का मामला दर्ज है।

# कारोबारी का सोना चोरी करने वाले 3 अरेस्ट

### सिविल लाइंस बस अड्डे से बैग हुआ था चोरी, 8.8 लाख कीमत का था सोना

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में आभूषण व्यापारी के मुंशी से 8.8 लाख कीमत का सोना चोरी करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शातिरों ने सिविल लाइंस बस अड्?डे से बैग चोरी किया था। उसी में सोना था। मंगलवार रात पकड़े गए बदमाशों के पास से तमंचा कारतूस भी मिला है।मऊआइमा थाना क्षेत्र के रामनगर गंसियारी के रहने वाले रंजीत सोनी प्रतापगढ़ के कारोबारी मुकेश खंडेवाल के यहां मुंशी है। व्यापारी के कहने पर वह दिल्ली सोना खरीदने गया था। दिल्ली से दिल्ली से 8.8 लाख रुपये में 121 ग्राम और 620 मिलीग्राम सोने के टुकड़े लेकर लौट रहा था।



## सीसीटीवी फुटेज से पकड़े गए तीन बदमाश

शनिवार को जब वह सिविल लाइंस बस अड्डे पर पहुंचा तो किसी ने उसका बैग चोरी कर लिया था। सिविल लाइंस पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सीसीटीवी फुटेज में तीन युवक बैग के साथ नजर आ गए। पुलिस ने फुटेज की फोटो बनवा कर तलाश शुरू की। एक आरोपी रोहित कुमार यादव निवासी चिरौंदीपुर नवाबगंज की पहचान हो गई।पुलिस ने रोहित को पकड़ा तो उसने अपने साथियों देवराज तिवारी निवासी शहबाजपुर मऊआइमा और पंकज सोनी निवासी धर्मशाला रोड झूंसी का नाम बताया। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को पकड़ लिया। उनके कब्जे से 114 ग्राम, 590 ग्राम सोना बरामद हो गया। तमंचा और दो कारतूस भी मिले। पकड़ा गया रोहित पहले बस अड्डे के पास एक ढाबे पर काम करता था। बाद में उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। देवराज शातिर बदमाश है। वह बस अड्डे के पास घूमता रहता है और यात्रियों का सामान चोरी करता रहा है।

# कर्नाटक में पिछड़ों का आरक्षण मुसलमानों को दे रही कांग्रेस सरकार

### जातिवाद से ऊपर उठकर हर वर्ग की सेवा करेंगे नीरज त्रिपाठीः स्वतंत्र देव, तीसरी बार नरेंद्र मोदी के पीएम बनने पर और मजबूत होगा भारतः डा. के लक्ष्मण

**बारा।** पंडित केशरीनाथ त्रिपाठी ने पहली बार मुझे युवा मोर्चा का महामंत्री बनाया था। बिना भेदभाव के सभी को साथ लेकर चलने वाले पंडित केशरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी भी अपने पिता के ही पदचिन्हों पर चलकर समाज की सेवा करते हैं। यह भी आप सभी की ईमानदारी से सेवा करेंगे। यह बातें सूबे के कैबिनेट मिनिस्टर स्वतंत्रदेव सिंह ने कही।

जलशक्ति विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह यमुनापार के नारीबारी, सुरवल के एक गेस्ट हाउस में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा, नीरज त्रिपाठी जातिवाद से ऊपर उठकर सभी की सेवा करेंगे। पिछड़ों का अपमान नहीं होने देंगे, इसकी मैं गारंटी देता हूं। सभी का विकास, सभी का सम्मान और सभी से मिलकर आपके सुखदुख में शामिल भी होंगे। स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा, 2014 से पहले देश बदहाल स्थिति में था, बम फटते थे। सेना के ऊपर पत्थर फेंके जाते थे। संकटमोचन काशी में बम गिरते थे। संसद पर हमला होता था। 2014 के बाद एक-दो बार बम गिरा तो हम सबके नेता नरेंद्र मोदी रातभर सो नहीं पाए। जब तक पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक कर देश के दुश्मनों को उनके घर में घुसकर नहीं मारा, तब तक नींद नहीं आई। सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा, कांग्रेस के पास कोई एजेंडा नहीं है। कभी कहेंगे राम सेतु नहीं है। कभी शंकराचार्य की गिरफ्तारी कराएंगे। कभी गो माता का अपमान करेंगे। विपक्षी दलों के शासन में शाम आठ बजे के बाद कोई नहीं निकलता था। आज रात 12 बजे भी बेटियां सुरक्षित आ रही हैं। मोदी-योगी के ऊपर जनता का आशीर्वाद है। मुख्य वक्ता के रूप में सांसद एवं ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के लक्ष्मण ने कहा कांग्रेस कर्नाटक में पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर मुसलमानों को दे रहीं हैं। इसी राह पर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी भी चल रहीं हैं। इस बार तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी बनने के बाद बड़ी आर्थिक और मजबूत राष्ट्र बनाने का कार्य करेंगे। राज्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा नरेंद्र कश्यप ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 140 करोड़ जनता को परिवार मानकर सेवा करने का कार्य किया है। नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान के 52 प्रतिशत पिछड़ों को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़े समाज को न्याय देने का कार्य कर दिया है। इलाहाबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी ने देश, प्रदेश के विकास में सभी से सहयोग की अपील करते हुए पीएम को तीसरी बार पीएम बनाने का आह्वान किया। अहमदाबाद के विधायक हार्दिक पटेल ने कहा, सभी अपने-अपने बूथों को मजबूत करके भाजपा प्रत्याशी को जिताकर राष्ट्र के विकास को गति देने का कार्य करें। कार्यक्रम को विधायक बारा डा. वाचस्पति, भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल ने भी संबोधित किया। संचालन काशी क्षेत्र ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अश्विनी पटेल ने किया। स्वागत जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा यमुनापार सुभाष सिंह पटेल, दिलीप चतुर्वेदी व आनंद जायसवाल ने किया। जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने आभार जताया। सम्मेलन में पुष्पराज सिंह पटेल, रत्नाकर सिंह पटेल, अखिलेश सिंह पटेल समेत भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।




## पूर्व माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर माफी में हिंदी सुलेख प्रतियोगिता

**प्रतापपुर।** सार्वजनिक ग्रामीण पूर्व माध्यमिक विद्यालय, फतेहपुरमाफी में बुधवार को लिखावट में सुधार को लेकर हिदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के वरिष्ठ सहायक अध्यापक सिद्धार्थ भारद्वाज ने बताया कि बच्चों में हिंदी की गुणवत्ता तथा सुलेख मे सुधार को लेकर कक्षा छठवीं से कक्षा आठवीं तक के बच्चों में सुलेख प्रतियोगिता करवाई गई।प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में हिंदी की पकड़ तथा लिखावट में सुधार करना है।उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता स्कूल द्वारा समय-समय पर करवाई जाती है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक कमला पटेल, सहायक अध्यापक सतीश सिंह आदि लोग उपस्थित थे।हिंदी सुलेख लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सौम्या यादव तथा द्वितीय स्थान पर अर्पिता यादव को विद्यालय की प्रबंधक कमला पटेल ने पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# प्रॉपर्टी डीलर की हत्या करने वाले शूटर के खिलाफ एक और मुकदमा

### नैका झूसी निवासी सत्यपाल की 14 अक्तूबर 2023 को गोली मारकर हत्या की गई थी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** झुंसी में सरेआम प्रॉपर्टी डीलर को गोली से उड़ाने वाले शूटर की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई। उसके खिलाफ अब कुर्की की कार्रवाई होगी। कोर्ट के आदेश का अवहेलना करने के आरोप में झुंसी पुलिस ने उसके खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नैका झूसी निवासी सत्यपाल की 14 अक्तूबर 2023 को गोली मारकर हत्या की गई थी। गोली मारते हुए आरोपी शूटर शिव कुमार उर्फ ननका को लोगों ने देख लिया था। सीसीटीवी फुटेज में भी प्रॉपर्टी डीलर का पीछा करते हुए ननका नजर आया था। पुलिस ने ननका के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया था लेकिन आज तक वह पकड़ा नहीं गया। झूसी पुलिस ने उसके खिलाफकोर्ट के आदेश पर मुनादी की कार्रवाई की। उसके घर पर नोटिस चस्पा किया गया कि एक महीने के अंदर वह कोर्ट में हाजिर हो जाए लेकिन वह नहीं आया। झुंसी थाना प्रभारी ने ननका के खिलाफ कोर्ट के आदेश का अवहेलना करने के आरोप में धारा 174 ए के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अब ननका के खिलाफ कोर्ट से आदेश पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## जनसंपर्क के दौरान सांसद प्रत्याशी ने कहा भाजपा सरकार में विकास हुआ है



**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने किया जनसंपर्क संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी 52 प्रयागराज के साथ किया जनसंपर्क इस अवसर पर नीरज त्रिपाठी ने कहा मोदी योगी के प्रयास से ही आज भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है भाजपा सरकार में ही गरीबों को आवास जिसके पास छत नहीं था मोदी ने मकान देने का कार्य किया खाद्य बीज की व्यवस्था मोदी सरकार में हुआ कई जगहों पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन नीरज त्रिपाठी का हुआ इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व जिला मंत्री सुशील शुक्ला वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप तिवारी वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव राजेश तिवारी अशोक शुक्ला शशांक पांडे भाजपा नेता राज सिंह सुनील केसरवानी सुनील कुशवाहा राम जी मिश्रा पूर्व मंत्री नैनी मंडल नीरज शर्मा उमेश सेन कार्यकताओं के साथ कई क्षेत्रों में भ्रमण करके भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने किया।

# 15 साल पुराने डबल मर्डर में हाईकोर्ट ने फैसला पलटा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर के गोविंद नगर में 15 साल पहले डबल मर्डर के आरोपियों को बड़ी राहत दे दी। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई सजा को रद्द करते हुए आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा- आरोपी अगर किसी अन्य मामले में आरोपित नहीं हो तो उन्हें रिहा किया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने सुशील कुमार द्विवेदी उर्फ सानू द्विवेदी, अनिल कुमार शुक्ला, संतोष कुमार द्विवेदी उर्फ गुड्डू द्विवेदी, श्रवण कुमार शुक्ला उर्फ तनु शुक्ला की अपील को स्वीकार करते हुए दिया है। मामले में आरोप था कि ?शिकायत करने वाले पुत्ती सिंह लखनऊ गए थे। रतन लाल नगर रूद्र वाटिका ?स्थित फ्लैट एचआईजी 304 में उक्त आरोपी आए और बातचीत के दौरान ही उन्होंने पत्नी नीता सिंह और ममेरे भाई तिलक सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी।ट्रायल कोर्ट ने सुनवाई कर आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आरोपियों ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।




**कोर्ट ने फैसला देते हुए क्या कहा :**

कोर्ट ने सुनवाई के बाद अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष शिकायतकर्ता का बयान नहीं लिया गया। जबकि, वह यह बता सकता था कि आरोपियों के साथ उसका क्या व्यावसायिक लेनदेन था। गवाह नंबर दो ने यह बताया कि ?शिकायतकर्ता अस्पताल आया था। इसके साथ पोस्टमार्टम के समय मौजूद था। इसके बावजूद उसने कोई गवाही नहीं दी। इसके अलावा बैलिस्टिक विशेषज्ञ की रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों के शरीर के अंदर से मिली गोलियों और मौके पर मिले खाली कारतूस मेल नहीं खाते हैं। इन तथ्यों को देखते हुए कोर्ट ने कहा कि अ?भियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में नाकाम रहा। कोर्ट ने मामले में एक आरोपी की मौत होने की वजह से उसकी सुनवाई को समाप्त कर दी थी। जबकि बाकी आरोपियों को बरी कर दिया।

## हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह पर लगाया 30 हजार हर्जाना गलत तरीके से गुंडा एक्ट लगाने पर कोर्ट सख्त

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने परिवारिक और व्यावसायिक विवादों को लेकर दर्ज अपराधिक मामले के आधार पर एक ही परिवार के तीन लोगो पर गुंडा एक्ट की नोटिस जारी करने पर प्रमुख सचिव गृह पर तीस हजार रुपए का हजार्ना लगाया है। हजार्ना राशि याचियों को दो हफ्ते के भीतर अदा करना होगा।यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह प्रथम की खंडपीठ ने याची राकेश वर्मा व अन्य की ओर गुंडा एक्ट के तहत जिलाधिकारी फिरोजाबाद की ओर से जारी नोटिस की वैधता को चुनौती देने वाले याचिका को स्वीकार करते हुए दिया।मामला फिरोजाबाद का है। याची राकेश वर्मा और राजेश वर्मा सगे भाई है जबकि तीसरा याची राकेश वर्मा का बेटा सोनू उर्फ अभिषेक है। इनके खिलाफ पैतृक सम्पत्ति को लेकर उपजे विवाद में हुई आपसी मारपीट का दोतरफा मुकदमा दर्ज हुआ था जबकि दूसरा मुकदमा व्यावसायिक लेनदेन को लेकर हुआ है और तीसरी बीट पुलिस की रिपोर्ट स्थानीय थाने पर दर्ज है।

### हाईकोर्ट ने रद्द किया जिलाधिकारी का आदेश

इन्ही तीनों मामले के आधार पर आठ दिसंबर 2023 को जिलाधिकारी फिरोजाबाद ने तीनों परिजनों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही शुरू करते हुए नोटिस जारी किया था। जिसके खिलाफ याचियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।याची के अधिवक्ता दीपक कुमार पांडेय का तर्क था कि गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही उन आदतन अपराधियों के खिलाफ की जाती है, जो लोकशान्ति के लिए खतरा बना जाए। मौजूदा मामले व्यक्तिगत विवादों के जुड़े हैं। कोर्ट ने जिलाधिकारी फिरोजाबाद की ओर से गुंडा एक्ट के तहत जारी नोटिस को रद्द करते हुए प्रमुख सचिव गृह पर तीस हजार रुपए का हजार्ना लगा दिया। कोर्ट ने हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार को आदेश के अनुपालन के लिए आदेश की प्रति प्रमुख सचिव गृह और जिलाधिकारी फिरोजाबाद को एक हफ्ते के भीतर प्रेषित करने का निर्देश दिया है।

# टॉपर सूची में संस्कार ग्लोबल स्कूल का दबदबा

## दसवीं में शुभी, बारहवीं में मोहन अव्वल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिले की टॉपर सूची में संस्कार ग्लोबल स्कूल का एक बार फिर दबदबा कायम रहा। हाईस्कूल में शुभी शर्मा 493 (98.6) अंकों के साथ अव्वल रही। इंटरमीडिएट में मोहन सिंह ने 486 (97.20) अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया है। शिक्षकों ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर बधाई दी है।

हाईस्कूल में शुभी शर्मा ने 98.6 प्रतिशत, वरुण सोनी 96.2, सक्षम राव 95.6, अभिनव कुमार 95.4, कृष्ण कुमार सिंह 95.4, युवराज सिंह 95.2, निखिल यादव 95 प्रतिशत, निखिल कुमार 94.6, साक्षी सिंह 94.2, हर्षवर्धन मिश्रा 94 प्रतिशत,जयश शर्मा 94 प्रतिशत, श्रेया शर्मा 94 प्रतिशत, अर्जित राज 93.8, रौनक कन्नौजिया 93.8, श्रेयश मिश्रा 93.8 ने अंक हासिल कर टॉप टेन सूची में जगह बनाई है। जबकि इंटरमीडिएट में मोहन सिंह 486 (97.2), वेदांत गुप्ता 96.6, आयुष गुप्ता 96 प्रतिशत, अखिलेश कुमार शर्मा 95.4, सुहानी गुप्ता 94.6, वंश विक्रम सिंह 94.4, जाह्नवी शुक्ला 94.4, श्रेया पांडेय 94.2, राज सोमवंशी 93.8, सिद्धार्थ 93.8, आदर्श पांडेय 93.4, कृतिका त्रिपाठी 93.2 फीसदी अंक प्राप्त कर टॉप टेन सूची में स्थान बनाया। चेयरपर्सन डा. अंजना सिंह सेंगर ने बच्चों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक संजय सिंह एवं प्रिंसिपल समीना अख्तर ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। इस दौरान प्रकाश त्रिपाठी, अखिलेश मिश्रा, कृष्णा सिंह, मो.रईश, सुधा सिंह, अविनाश सिंह, आरएम शर्मा, तरुण शर्मा, शुभी अली, आनन्द सिंह, जेपी त्रिपाठी मौजूद रहे।


मेधावियों का मुंह मीठा करते स्कूल के शिक्षकगण।

# पानी की टंकी टूटने से मां बेटे की हुई मौत

## मौत की सूचना मिलते ही घर में मचा कोहराम, दस दिन पूर्व बनाई गई थी पानी की टंकी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंधई थाना अंतर्गत फेंनहा गांव में बने गौतम भट्ठे पर पानी की टंकी टूटने से मां बेटे की मौत हो गई। बताते चलें कि गौतम भट्ठे पर बिलासपुर से पूरे परिवार के साथ तारामती उम्र (28) वर्ष पत्नी छबिलाल व बेटे मोक्ष उम्र (3) वर्ष पुत्र छबिलाल ईंट भट्ठे पर भराई और पथाई के लिए लोग आए हुए हैं। वही सुबह 8:00 बजे के आस-पास मां बेटे सहित पूरा परिवार रेत सीमेंट से बनी पानी की टंकी के बगल नहा रहे थे। टंकी भर-भरा कर टूट गई।

टंकी टूटने से मां बेटे उसके मलबे के नीचे दब गए। दबने के बाद आस पास मौजूद लोग दौड़ भाग कर पहुंच कर उन्होंने मलबे को हटाने की कोशिश की और तुरंत ताला चैकी पुलिस को सूचना दी। सूचना पाते ही ताला चैकी इंचार्ज व ताला चैकी दीवान मौके पर पहुंचे तो मलबे को हटाकर मां बेटे को किसी तरह से बाहर निकाला। और पीआरबी वैन की मदद से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने इलाज के उपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। वही मां बेटे के मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## युवक की पिटाई, पुलिस से की गई शिकायत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाजार जा रहे युवक को रास्ते में गांव के ही लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल ने थाने पर तहरीर दी है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गडौर गांव के रहने वाले उमेश मिश्रा का आरोप है कि सप्ताह भरपूर्व उड़ैयाडीह बाजार में हो रही मारपीट में वह बीच बचाव किया था। इसी बात को लेकर विपक्षी खुन्नस खाए थे। बुधवार को जब वह बाजार जा रहा था तो उसे रास्ते में घेर कर जमकर मारा पीटा गया। जिससे उसके शरीर के विभिन्न अंगों में चोटे आई हैं। पीड़ित ने गंभीर आरोपों का प्रार्थना पत्र पुलिस को देखकर कार्रवाई की मांग की है।

# एमडीपीजी कालेज में अब मिलेगा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी का मौका

## सेवा परीक्षा की तैयारी के लिये मिलेगी 15 प्रतिशत की छूट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ एवं दृष्टि आईएएस प्रयागराज के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा देश की सबसे मुश्किल परीक्षाओं में से एक है।

उन्होंने बताया कि इस परीक्षा की तैयारी करने के लिए सबसे पहले यही सवाल आता है कि किस जगह से सही मार्गदर्शन मिलेगा। कहां से इस परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। कौन सा संस्थान बेहतर होगा, जिससे जल्दी से जल्दी एग्जाम क्रैक किया जा सके। उन्होंने समझौते की उपयोगिता बताते हुए कहा कि छात्रों को इस एमओयू से गुणवत्ता पूर्ण अध्ययन के साथ कोचिंग की फ़ीस में 15 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। दृष्टि आईएएस प्रयागराज के सेंटर हेड नीतीश झा ने कहा कि छात्रों के लिए आवश्यक है कि वो यह समझें कि यूपीएससी सीएसई परीक्षा क्या है। इस परीक्षा का पैटर्न क्या है। इसके लिए पाठ्यक्रम क्या है। परीक्षा के लिए अर्हता क्या है। उसके बाद ही वो तैयारी शुरू करें और समयबद्ध तरीक़े से अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के आचार्य डा अभिषेक सिंह, स्टाफ विजय पांडेय, रामकृष्ण तिवारी, उमेश मिश्रा और दृष्टि आईएएस से ऐकडेमिक हेड राजेश्वर प्रसाद पटेल एवं असि0 मैनेजर अनुराग मिश्रा उपस्थित रहे।


एमओयू प्रमाण पत्र के साथ प्राचार्य मनोज मिश्र।

## आबादी के विवाद में महिला की पिटाई, पुलिस से शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कलियनापुर गांव की रहने वाली रूपमती देवी पत्नी राज कुमार यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी आबादी की भूमि का बंटवारा पखवारे भरपूर्ण हो गया था। घर पर वह बच्चों के साथ रहती है पति रोजी-रोटी के सिलसिले में परदेश रहता है। वह और उसका देवर अपने-अपने हिस्से पर काबिज थे। बुधवार को उसके हिस्से पर उसका देवर कब्जा करने लगा। जब वह विरोध करने गई तो उसे देवर और देवरानी ने मारा पीटा। पीड़िता महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# आज प्रतापगढ़ आएंगे पीएम नरेंद्र मोदी, करेंगे विशाल जनसभा

## सीआरपीएफ ने सात चक्र का बनाया सुरक्षा घेरा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के राजकीय इंटर कालेज के मैदान में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपरान्ह में एक बड़ी जनसभा को सम्बोधित करेंगे जिसमें सांसद प्रत्याशी संगमलाल गुप्ता के समर्थन में वोट मांगेंगे। इसके लिये राजकीय इंटर कालेज के मैदान में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। जनसभा के लिए जर्मन हैंगर से मंच व पण्डाल तैयार किया गया है।

बता दें कि जीआईसी मैदान में पीएम की सभा के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। एडीजी भानु भास्कर, डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल ने बुधवार को जीआईसी परिसर का निरीक्षण किया। इसके अलावा पीएम की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ ने सात चक्र का सुरक्षा घेरा बनाया है। बता दें कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक लाख भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा आसपास के भवनों व कालोनी के छतों पर एनएसजी के स्नाइपर तैनात रहेंगे। बता दें कि एक दिन पहले मंगलवार को संगमलाल गुप्ता ने एमएलए राजेंद्र मौर्य के साथ जीआईसी परिसर में भूमिपूजन किया था। प्रधानमंत्री मोदी के प्रतापगढ़ आने से बीजेपी समर्थकों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है।


जीआईसी परिसर का निरीक्षण करते एडीजी, डीएम व एसपी।

# कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर मजबूती से खड़ा रहना होगाः डा0 एसपी पटेल

## इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी ने दर्जनों गांवों में किया जनसम्पर्क

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय (मीरा भवन) में आयोजित सभा को संबोधित किया तथा पार्टी के पदाधिकारियों से चुनाव की तैयारी पर चर्चा की।

सभा में उपस्थित पट्टी विधानसभा के विधायक राम सिंह पटेल व रानीगंज विधानसभा के विधायक डॉ आर. के वर्मा ने भी वहां पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हर बूथ पर मजबूती से खड़ा रहना है। तत्पश्चात इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने सदर में अधिवक्ताओं से मुलाक़ात की तथा रखहा में लोगों से जनसंपर्क किया। इस मौके पर अब्दुल कादिर जिलानी, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव ,आशुतोष पांडे ,वासिक खान, जावेद खान, जगदीश मौर्य, आनंद भूषण सिंह उर्फ (बब्बू राजा), विनोद पांडे एडवोकेट, पप्पू यादव, विजय यादव, डॉ शेर बहादुर यादव, गुलफाम खान, निसार अहमद, मनीष पाल, सियाराम यादव, जैनुल हसन, राजकुमार यादव, अच्छे भाई, हरीश शुक्ला आदि रहे। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व एमएलसी सपा नेत्री कांति सिंह पटेल ने बुधवार को जिले के विधानसभा विश्वनाथगंज क्षेत्र के नन्दक का पुरवा, खर्दहा बलापुर, बछुवा बनी, बहलोलपुर, संड़वा दुबान, लीलापुर, पुरे रामदेव का पुरवा, बालिका इंटर कॉलेज महुआ की बाग, रसूलपुर गुलरहा, बढ़नी, सराय सुजान सहित दर्जन भर क्षेत्रों में जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के समर्थन में लोगों से सहयोग की अपील की। इस मौके पर रानीगंज विधायक डॉ. आर. के. वर्मा, डॉ. नीरज, रामाधार पटेल, महेश मौर्या, कुंवर बहादुर, संतोष सरोज, शेष कुमार सरोज, राम कुमार पटेल, सचिन यादव, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, आलोक वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता सुशील कुमार ने विधानसभा प्रतापगढ़ में गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जनसंपर्क किया। 39, लोकसभा प्रतापगढ़ के कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष नीरज त्रिपाठी ने ग्राम पूरब पट्टी डूहिया, औरंगाबाद, पूरब पट्टी भनईपुर सहित कई गांवों में जनसंपर्क किया, इस दौरान सचिन सिंह, संग्राम सिंह, बाबूलाल यादव, छोटेलाल पटेल, अंकुश कुमार, गुलफाम, सज्जन लाल वैश्य, बाबूलाल सरोज, राम दयाल पाल, कल्लू वर्मा, शंकरलाल वर्मा, शाशिभुषण सिंह पवन, उदय बहन सिंह, नूर आलम आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी के समर्थन में फिरोजाबाद के विधायक मुकेश वर्मा (निषाद) ने रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के आमापुर बर्रा, में लोगों से जनसंपर्क किया और डॉ. एस.पी. सिंह पटेल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।


सभा को सम्बोधित करते डा0 एसपी पटेल।

# डा0 आशुतोष त्रिपाठी का रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## वाहन जुलूस निकालकर मुनीश्वरदत्त उपाध्याय की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बहुजन समाज पार्टी से त्यागपत्र देकर डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी पूर्व प्रत्याशी सदर विधानसभा के प्रथम नगर आगमन पर प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर उनके कार्यकर्ता एवं शुभचिंतकों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

वाहन जुलूस भगवा चुंगी होते हुए मुनीश्वर दत्त उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण किया तथा अम्बेडकर चौराहे पर स्थित डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। सभी कार्यकर्ताओं के साथ रास्ते भर नारा लगाते हुए भगवा चुंगी पहुंच कर जलूस सभा में परिवर्तित हो गया। इस दौरान डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि आज की जरूरत देश में भारतीय जनता पार्टी की है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जारी जनकल्याणकारी नीतियों एवं उनके कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से परशुराम सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार शुक्ला, रघु मेहरोत्रा, देवेंद्र सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, सुशील कुमार श्रीवास्तव, गुड्डू लाल शोएब अहमद, अरशद खान, अनिल कुमार सिंह यशवंत कुमार, राजकुमार जायसवाल, योगेश शुक्ल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी के प्रतिनिधि सुशील मल्होत्रा के द्वारा किया गया तथा क्षेत्रीय नागरिकों ने जगह-जगह पर रोक कर डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी का माल्यार्पण एवं स्वागत किया।


वाहन जुलूस में शामिल डा0 आशुतोष त्रिपाठी।


जनसंपर्क के दौरान लोगो से मिलते प्रथमेश।

# युवा शक्ति बसपा के साथ, घबराए विपक्षी : प्रथमेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रोजगार के लिए भटक रहे प्रतापगढ़ के युवा ठान चुके हैं कि बसपा का समर्थन करना है। इसी पार्टी को मजबूत करना है। युवाओं की यह ललकार बदलाव में बहुत सहायक होगी। यह बात बहुजन समाज पार्टी से प्रतापगढ़ संसदीय सीट के बसपा उम्मीदवार प्रथमेश मिश्र सेनानी ने रानीगंज क्षेत्र में बुधवार को जनसंपर्क के दौरान कहीं। भागवत कथा समेत कई कार्यक्रमों में शामिल होकर उन्होंने लोगों से समर्थन मांगा। प्रथमेश सेनानी ने कहा कि देश और प्रदेश के विकास की क्या बात करें, जब अपना प्रतापगढ़ ही विकास के नाम पर खाली हाथ खड़ा है। बीजेपी और अन्य विपक्षी दलों को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए कि उन्होंने प्रतापगढ़ के विकास और यहां के लोगों के मान सम्मान के लिए क्या किया है। जनसंपर्क के दौरान प्रथमेश ने लोगों से सही मायने में प्रतापगढ़ का विकास करने के लिए समर्थन मांगा। साथ ही 17 मई को विश्वनाथगंज में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की सभा में आने के लिए अनुरोध भी किया।

# हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मासूम की मौत, परिजनों ने दर्ज कराया मुकदमा

## डिप्टी सीएमओ ने किया हॉस्पिटल सील

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** हार्निया के ऑपरेशन के लिए भर्ती चार वर्षीय मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। जिले के नगर पंचायत ढकवा में मीरपुर रोड पर स्थित एक हॉस्पिटल में सुल्तानपुर जिले के थाना करौंदी कला के ग्राम सगर्दे निवासी कलपू धोबी का नाती शिवान्स चार वर्ष बीमार था।

उसे हॉस्पिटल के डाक्टर को 13 मई को दिखाया गया। डॉक्टर ने बताया इसको हर्निया है। इसका ऑपरेशन करना पड़ेगा। इस संबंध में शिवांस के दादा कलपू व दादी अमरावती और बच्चे की मां अर्चना देवी का कहना है। डाक्टर ने कहा बच्चे का जल्द से जल्द ऑपरेशन करने की बात कही। इसके लिए 15000 तत्काल जमा करने को कहा। परिवार वाले कर्जा लेकर पैसा जमा किया। बच्चे का ऑपरेशन लगभग दो बजे के आस-पास हुआ और परिवार वालों को बच्चे से मिलने नहीं दिया गया। शाम 6 बजे के लगभग हॉस्पिटल के डॉक्टर द्वारा बताया गया कि बच्चे की हालत गंभीर है। इसे दूसरी हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ेगा। बच्चे को परिवार वालों को न देकर हॉस्पिटल का कंपाउंडर स्वयं परिवार वालों को साथ लेकर बदलापुर के किसी निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे के शव को घर पर लाया गया। शव को देखते ही घर पर कोहराम मच गया। इस संबंध में परिवार वालों ने करौदी कला थाने में तहरीर दी। पुलिस ने डाक्टर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही प्रतापगढ़ के डिप्टी सीएमओ मंगलवार की देर शाम हॉस्पिटल पहुंचे उन्होंने जिस वार्ड में मरीज भर्ती थे उसे छोड़कर पूरे अस्पताल को सील कर दिया।

## हत्या के आरोप में पति-पत्नी को आजीवन कारावास की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**20-20 हजार रुपये का लगा अर्थदण्ड**

**प्रतापगढ़।** सत्र न्यायाधीश शाहिद अंसारी ने अभियुक्तगण सिन्का देवी पत्नी अनिल कुमार व अनिल कुमार सुत स्व0 राम खेलावन निवासी ग्राम कल्हवारी रामपुर थाना जेठवारा, प्रतापगढ़ को हत्या के आरोप में आजीवन कारावास तथा 20-20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड न देने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।बता दें कि वादिनी विद्या देवी पत्नी कमलेश कुमार निवासी ग्राम सिरसा थाना जेठवारा ने एक अप्रैल 2020 को अपरान्ह में मेरे देवर राजेश गौतम सुत संतलाल को मेरे बगल के गांव रामपुर कल्हवारी के अनिल कुमार एकता भट्ठे से मेरे देवर को ले गये। मेरे देवर राजेश गौतम का सम्बन्ध अनिल की पत्नी सिन्का देवी से हो गया था। इन्हीं सम्बन्धों के कारण अनिल ने मेरे देवर को झांसा देकर बुलाया। अनिल कुमार ने अपनी पत्नी सिन्का व अन्य के साथ मिलकर धारदार हथियार से सिर पर वार कर हत्या करके गांव के बाहर जंगली बबूल के बगल खेत में शव को फेंक दिया। खोजबीन के बाद शव मिलने पर मुकदमा लिखवाया। राज्य की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता योगेश शर्मा व विक्रम सिंह ने किया।


रक्तदान शिविर में मौजूद चिकित्सकगण व अन्य।

# रक्तदान मानव की सेवा करने वाला महादानः सदर विधायक

## गोपाल मंदिर में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन प्रतापगढ़ शाखा के तत्वावधान में कचेहरी रोड स्थित गोपाल मंदिर में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नवयुवकों और नवयुवतियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर में 16 युवकों और 14 नवयुवतियों ने रक्त दान किया। शिविर का उद्घाटन सदर विधायक राजेंद्र प्रसाद मौर्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। सदर विधायक ने कहा कि रक्त दान मानवता की सेवा के लिए किया जाने वाला महादान है और अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा आयोजित इस रक्त दान शिविर की भूरि भूरि प्रशंसा एवं सराहना किया। कार्यक्रम में विधायक जी और किरण अग्रवाल जी ने सबको मतदान करने की शपथ भी दिलाई। शिविर में व्यापार मंडल के अर्पित खंडेलवाल,मनोज केसरवानी सभासद आशीष कसौधन ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम में अभय खंडेलवाल, रमाशंकर खंडेलवाल, सुरेश अग्रवाल, नारायण प्रसाद, गोविन्द प्रसाद खंडेलवाल,उदय भानु प्रताप सिंह, राजेश अग्रवाल आदि अतिथियों की विशेष उपस्थिति रही। रक्त दान शिविर की सफलता में नीरजा खंडेलवाल, संगीता खंडेलवाल, सुनीता खंडेलवाल सुधा अग्रवाल, किरण अग्रवाल,क्षमा खंडेलवाल, नीतू अग्रवाल, मीनू खंडेलवाल, शिल्पी, तान्या, प्रिया, सीमा, अर्चना, नमिता एवं चित्रा, नीतू अग्रवाल अभूतपूर्व योगदान दिया।

# प्रतियोगी परीक्षा देने जा रही छात्रा की सड़क हादसे में मौत

अखंड भारत संदेश

## मृतक छात्रा के पिता को भी चोटें आई हैं




**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा स्थित मधु वाचस्पति स्कूल के सामने सड़क हादसे में एक छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। छात्रा अपने पिता के साथ बाइक पर सवार होकर परीक्षा देने के लिए प्रयागराज जनपद के सुलेम सराय स्कूल जा रही थी। सड़क पार करते समय प्रयागराज जनपद की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही मिक्सर मशीन ने छात्रा के पिता की बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगने के बाद पिता और पुत्री दोनो सड़क पर गिर गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और खून से लथपथ छात्रा को एंबुलेंस की मदद से इलाज हेतु प्रयागराज जनपद भेजा, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही छात्रा की मौत हो गई। मृतक छात्रा के पिता को भी चोटें आई है। मिक्सर मशीन चालक को भीड़ ने पकड़कर संदीपन घाट थाना पुलिस को सौप दिया। छात्रा के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजने के बाद संदीपन घाट थाना पुलिस चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जनपद के शाहापुर गांव निवासी वैष्णवी शुक्ला उम्र 17 वर्ष अपने पिता कौशल शुक्ला के साथ बाइक पर बैठकर प्रयागराज जनपद के सुलेम सराय स्थित मधु वाचस्पति स्कूल में प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने जा रही थी। जानकारी के लिए बालिका के पिता रसूलाबाद उर्फ कोइलहा स्थित मधु वाचस्पति स्कूल के पास रुक गए। जानकारी लेने के बाद बालिका और उसके पिता प्रयागराज जा रहे थे, लेकिन मधु वाचस्पति स्कूल के सामने सड़क पार करते समय मिक्सर मशीन की टक्कर से बालिका की दर्दनाक मौत हो गई है हादसे की जानकारी परिवार तक पहुंची तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया है।

# तेज रफ्तार बाइक और साइकिल की भिडंत में किशोर की मौत, दो अन्य घायल

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है,जहा तेज रफ्तार बाइक और साइकिल में भिडंत हो गई है,हादसे में एक किशोर की मौत हो गई,वही दो अन्य लोग घायल हो गए है,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर गांव के पास नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार बाइक सवार व साइकिल सवार में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में घायल साइकिल सवार किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित परिवार ने बाइक सवार युवको के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। सैनी के गुलामीपुर गांव का रहने वाले संदीप केसरवानी पेशे से किसान है। वह खेत मे नकदी फसल उगा कर उसे बेच कर अपना भरण पोषण करते है। बुधवार को उनका 12 साल का बेटा प्रखर केसरवानी दोपहर साइकिल से घर की ओर जा रहा था। इस दौरान कोखराज थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव का भोला पाल पुत्र भीमसेन अपने साथी सोमनाथ पटेल पुत्र भुग्गन पटेल के साथ बाइक से निकला और गुलामीपुर में स्थित एक पेट्रोलपंप के पास



साइकिल व बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में साइकिल सवार व बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगो ने घायलो को इलाज के लिए एंबुलेस से मंझनपुर स्थित मेडिकल कालेज भेजा।जहा अस्पताल लाते समय किशोर प्रखर की मौत हो गई जबकि बाइक सवार घायलो का इलाज किया जा रहा है।प्रखर की मौत के बाद से परिवार मे कोहराम मच गया परिवार की महिलाओ का रो रोकर बुरा हाल है। पिता संदीप केसरवानी ने बाइक सवार युवको के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग कर थाना पुलिस को तहरीर दी है।

# निर्माणधीन रेलवे ओवरब्रिज की बैरिकेडिंग दीवाल गिरी, दबकर साइकिल सवार अधेड़ की मौत

## रेलवे ठेकेदारों पर मुकदमा और मुआवजे की मांग कर ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा



**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में निर्माणधीन रेलवे ओवरब्रिज की बैरिकेडिंग दीवाल अचानक भारभरा कर गिर गई,दीवाल के मलबे में दबकर साइकिल सवार अधेड़ की मौत हो गई,घटना की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र मरधरा गांव निवासी जगरूप पटेल उम्र 60 वर्ष साइकिल से घर से मूरतगंज जा रहे थे। वह जैसे ही जीवनगंज गांव के समीप निर्माणधीन रेलवे ओवर ब्रिज के बगल से सर्विस रोड से गुजर रहे थे। तभी ओवरब्रिज में लगी रेडीमेड दीवाल उसके ऊपर गिर गई। जिसमें दबाकर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर संदीपन घाट पुलिस और मूरतगंज चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया मौत की जानकारी मिलती ही मौके पर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई है परिवार के लोग भी रोते बिलखते पहुंच गए हैं रेलवे ठेकेदारों पर मुकदमा और मुआवजे की मांग कर ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा है।

# बाबा टीवीएस में गबन करने वाले आरोपी को ढाई वर्ष बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

## न्यायालय से कुर्की की कार्यवाही के आदेश के बाद गिरफ्तार हुआ इनामिया अभियुक्त, 25 हजार रुपए के इनामिया को 01 अवैध रिवॉल्वर 32 बोर व 02 जिन्दा कारतूस के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** ढाई वर्ष पूर्व भरवारी कस्बे के बाबा चौराहे पर स्थित बाबा टीवीएस शोरूम में गबन करने वाले अभियुक्त के विरुद्ध कुर्की करने का आदेश न्यायालय ने दिया था कुर्की का आदेश मिलने के बाद एसओजी पुलिस और थाना सराय अकिल पुलिस ने संयुक्त रूप से मिलकर आरोपी के कब्जे से एक रिवाल्वर और कारतूस बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है आरोपी की गिरफ्तारी पर 25000 का इनाम घोषित था। एसपी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन और सीओ चायल मनोज सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में एसओजी प्रभारी सिद्धार्थ सिंह की टीम और सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक भानु प्रताप सिंह को सफलता मिली है जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसओजी व थाना सराय अकिल पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोखराज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 04/22 धारा 419/420/467/468/471/406/504/506 भादवि से सम्बन्धित 25 हजार रुपए के इनामिया वांछित अभियुक्त राहुल कुमार पुत्र विजय प्रकाश निवासी शिशु मन्दिर कालोनी भरवारी थाना कोखराज को पावर हाउस तिराहे के पास से 01 अदद अवैध रिवॉल्वर 32 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर के साथ गिरफ्तार किया है गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सराय अकिल में मु0अ0सं0 199/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है। अभियुक्त राहुल कुमार मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था, जिसके विरुद्ध विवेचना के क्रम में धारा




82 सीआरपीसी के अंतर्गत उद्घोषणा व धारा 83 सीआरपीसी के अंतर्गत कुर्की की कार्यवाही न्यायालय के आदेशानुसार अमल में लाई गई थी। तत्पश्चात अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव द्वारा 25000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

# औद्योगिक प्रतिष्ठान में मतदान दिवस 20 मई को सार्वजनिक अवकाश

**कौशाम्बी।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में किसी भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा ऐसी अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के प्राविधान के अन्तर्गत हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत कारखानों में कार्यरत कर्मकारों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-135ख में निहित प्राविधान अनुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को उपयुक्त अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान दिवस 20 मई 2024 (सोमवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया।

# जेसीबी की टक्कर से वृद्ध की मौत





**संदीपन घाट कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महगांव के रहने वाले बसन्त लाल यादव उम्र करीब 80 वर्ष बुधवार की सुबह करीब 5 बजे दैनिक क्रिया के लिए घर से निकले जैसे ही वह मौलवी लियाकत अली डिग्री कॉलेज के सामने से जीटी रोड पार कर रहे थे कि मूरतगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार जेसीबी ने बसंत लाल यादव को जोरदार टक्कर मरते हुए करीब 20 मीटर तक घसीट ले गई, जेसीबी के चोंगे का नुकीला हिस्सा बसन्त के शरीर में घुस गया और वह गम्भीर रूप से घायल हो गए आनन फानन में घायल को इलाज के लिए मूरतगंज सीएससी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। टक्कर मारने के बाद जेसीबी चालक जेसीबी समेत मौके से फरार हो गया है परिजनों की सूचना पर मृतक बसन्त लाल यादव के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी कर पोस्टमार्टम लिए भेज दिया है। बसन्त की मौत से उसके घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# ट्रेन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मलाक मोइनुद्दीनपुर गांव का एक व्यक्ति मंगलवार की रात 11 बजे शौच क्रिया के रेलवे लाइन को पार कर रहा था उसी समय ट्रेन की चपेट वह आ गया जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत की खबर सुनते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मलाक मोइनुद्दीन पुर निवासी कुल्लू पुत्र बलवंत सरोज अपने घर से रेलवे लाइन की ओर एक ईट भट्ठे की समीप शौच क्रिया को जा रहा था उसी दौरान रेलवे लाइन को पार करते समय तेज गति से आ रही ट्रेन की चपेट में वह आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, युवक की मौत की खबर मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं दुर्घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवा दिया है।

# राहुल गांधी की कुंडली में प्रधानमंत्री बनने का योग नही है : केशव प्रसाद मौर्य

## जिन्होंने राम लला का निमंत्रण ठुकराया, उन्हें ठुकराने का आया वक्त : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

**अझुवा कौशांबी।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा, बसपा व कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। कौशांबी लोकसभा क्षेत्र की सिराथू विधानसभा के सैनी कृषि मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इंडी गठबंधन का एक ही लक्ष्य है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कुर्सी से हटाना है।जब जनता नहीं चाहती तो क्या राहुल और अखिलेश प्रधानमंत्री की कुर्सी से नरेन्द्र मोदी को हटा पाएंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि इंडिया गठबंधन गरीबों पिछड़ों और दलितों की दुश्मन है वह गरीबों के प्रधानमंत्री को कुर्सी से हटाना चाहती है इंडिया गठबंधन के वोट बैंक बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं माफिया मुख्तार अंसारी की मौत पर फातिहा 300 किमी पढ़ने जाते हैं वहीं बाबू कल्याण सिंह जी को श्रद्धा



सुमन भी अर्पित करने नहीं गए यह लोग गरीबों का खून चूसते हैं। मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा 2022 में तीनों सीट पर हार जिसका अब आपको अफसोस हो रहा होगा 2024 के चुनाव में ऐसा अफसोस ना हो इसके लिए आप लोग अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और गठबंधन प्रत्याशी विनोद सोनकर को भारी मतों से विजय दिलवाएं। डिप्टी सीएम ने कहा कि वह कहते हैं कि संविधान खतरे में है, जबकि सत्ता में रहते हुए इन्होंने संविधान को खतरे में डाला था। कहा कि श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य समारोह हुआ। उसका निमंत्रण सपा व कांग्रेस के नेताओं को भी भेजा गया था, लेकिन वो उसमें शामिल नहीं हुए। जिन्होंने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराया है अब उन्हें ठुकराने का वक्त आ गया है।उन्?होंने कहा कि सपा, बसपा व कांग्रेस गरीबों, ओबीसी व दलितों के दुश्मन हैं, जबकि प्रधानमंत्री मोदी उनके हित के लिए काम कर रहे हैं। कोरोना काल से अभी तक गरीबों को राशन दिया जा रहा है। उनके तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर गरीबों के लिए तीन करोड़ और आवास बनाया जाएगा।इस जनसभा में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य,पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल, कल्पना सोनकर, कविता पासी,वीरेंद्र फौजी, लवकुश मौर्य,ओमप्रकाश कुशवाहा, भोलेशंकर कुशवाहा सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी,कार्यकर्ता हजारों आम जनमानस मौजूद रहे।

# कोचिंग जाने वाली नाबालिक किशोरी के साथ आए दिन मनचले करते हैं अश्लील हरकत

**चरवा।** थाना क्षेत्र के पकसाराई गांव की एक नाबालिक किशोरी बेरूवा गांव के एक कोचिंग संस्थान में प्रतिदिन कोचिंग पढ़ने जाती है बेरूवा गांव के चार पांच मनबढ़ मनचले गब्बर रामचंद्र देवशरण अमित अन्नू सुमित आदि अकेली बालिका से आए दिन छेड़खानी और अश्लील हरकत करते हैं कोचिंग जाने वाली बालिका को रास्ते में रोक कर यह मनचले बालिका को उठा ले जाने की धमकी लगातार दे रहे हैं जिससे बालिका और उसके परिवार के लोग परेशान हो गए हैं और बालिका अब कोचिंग जाने से भय खाती है मामले की सूचना दो दिन पहले चरवा थाना पुलिस को परिवार के लोगो द्वारा दी गई है लेकिन अभी तक मनचलों की गिरफ्तारी कर पुलिस ने उन पर ठोस कार्रवाई नहीं की है महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए बनाई गई एंटी रोमियो पुलिस क्या कर रही है जिससे मनबढ़ मनचले बालिकाओं से छेड़खानी अश्लील हरकत कर रहे हैं और एंटी रोमियो पुलिस दिखाई नहीं पड़ रही है तहरीर मिलने के पहले ही एंटी रोमियो पुलिस को अपनी सक्रियता दिखा देनी चाहिए लेकिन तहरीर मिलने के दो दिन में भी एंटी रोमियो पुलिस ने अभी तक सक्रियता नहीं दिखाई है एक युवक को पुलिस ने पकड़ा है लेकिन अन्य युवक अभी पुलिस के पकड़ से दूर है

## जहरीले जन्तु के काटने से बालक की हुई मौत

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मलाक मोईनूददीनपुर गांव में घर के अन्दर वीरेंद्र उम्र 15 वर्ष पुत्र भारत लाल सरोज को मंगलवार की देर रात जहरीले जन्तु ने काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई, युवक के परिजनो ने उसे बचाने के लिए झाड़ फूंक सहारा लिया और उसकी हालत बिगड़ गई तो इलाज के लिए हॉस्पिरल ले गए जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई वीरेंद्र की मौत से परिवार में कोहराम मचा है जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना नही दी गई है।

# न्यूज झरोखा

## चोरी के मोबाइल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली पुलिस ने अझुवा पुलिस चौकी क्षेत्र के भौतर मोड़ से चोरी के अभियुक्त को मोबाइल के समय गिरफ्तार किया गया है पकड़ा गया अभियुक्त फतेहपुर जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र का रहने वाला है। थाना सैनी पर पंजीकृत मु.अ.स. 183/2024 धारा 457,380 आईपीसी से सम्बन्धित अभियुक्त मोनू उर्फ मनोज कुमार पुत्र राजकुमार निवासी खखरेरु थाना खखरेरु जनपद फतेहपुर को दिनांक 15 मई को भौंतर मोड कस्बा अझुवा से उपनिरीक्षक अरुण कुमार मौर्या चौकी प्रभारी अझुवा मय हमराह कां0 शुभम कुमार, कां0 अभिषेकदत्त मिश्रा के मय मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी गये मोबाइल के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है अभियुक्त के कब्जे से चोरी के मोबाइल की बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 411 भादवि की बढोत्तरी करते हुये अभियुक्त मोनू उपरोक्त को रिमाण्ड हेतु न्यायालय प्रेषित किया है।

## ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए विधि छात्र-छात्रायें 25 मई तक करें आवेदन

**कौशाम्बी।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार विधि छात्र-छात्राओं के लिये ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी द्वारा दिनांक 01 जून से दिनांक 30 जून के मध्य मण्डल स्तर प्रयागराज में कराया जाना प्रस्तावित है। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल ने देते हुए बताया है कि जो छात्र-छात्रायें कार्यक्रम में प्रतिभाग करना चाहतें हैं, वे निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन-पत्र दिनांक 25 मई, 2024 को सायं 05 बजे तक कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंझनपुर में जमा कर सकतें हैं।

## ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला का आयोजन

**कौशाम्बी।** ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला का आयोजन खरीफ 2024 में कराये जानें के लिए मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को कृषि कल्याण केन्द,कृषि भवन मंझनपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी एवं डा0 मनोज कुमार सिंह व डा0 नवीन शर्मा कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र महगॉव उपस्थित रहें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों द्वारा समस्त मास्टर्स ट्रेनर को ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला का आयोजन कराये जानें के लिए खरीफ फसलोत्पादन, प्राकृतिक खेती, एफ0पी0ओ0, पराली प्रबन्धन, डिजिटल क्राप सर्वे, आपदा प्रबन्धन, मिलेट्स (मोटा अनाज) एवं कृषि/अनुषांगी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया

## ननद सास ने विवाहिता को पीटा

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के इछना गांव की एक विवाहिता को उसकी सास ननद ने 13 मई को गाली गलौज करते हुए लात घूसों से बेरहमी से पीट दिया है जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों महिलाएं चली गई हैं मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई और थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक को दी गई है।

# लूट का अड्डा बन गया मंझनपुर का निजी अस्पताल

## मनीष के परिजनों से ले लिया 90 हजार रुपए नहीं मिला आराम मरीज के परिजनों के साथ अस्पताल कर्मियों व चिकित्सक ने की अभद्रता

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मंझनपुर मुख्यालय के बस स्टॉप के पास संचालित एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए बिसारा गांव के एक मरीज को भर्ती कराया गया जहां पेट में सूजन होने के बाद डॉक्टर ने 20 हजार रुपए लेकर इलाज तो किया लेकिन कोई लाभ नहीं मिला जिस पर डॉक्टर ने मरीज को रेफर करने के नाम पर 70 हजार रुपए की डिमांड की जिस पर मरीज के परिजन और डॉक्टर के बीच जमकर नोकझोक हुई है दोनों के बीच मारपीट के नौबत आ गई अस्पताल मंझनपुर के पाता रोड बस स्टैंड के पास है। आनन्द प्रकाश पुत्र केशनलाल ग्राम- बिसारा पोस्ट -भरवारी के छोटे भाई के लीवर मे सूजन पेट में पानी भरा होना व हार्ड में पानी व हार्ड सूजन पर मरीज कौशम्ब राव को इलाज कराने के लिए एक हॉस्पिटल बस स्टैंड पाता रोड मंझनपुर में भर्ती किया गया 2 दिन तक मरीज अस्पताल में भर्ती रहा आराम ना मिलने व हालत और बिगड़ने लगी तो हॉस्पिटल के मैनेजर व डाक्टर को डिस्चार्ज करने को परिजनों ने कहा हॉस्पिटल के मैनेजर ने कहा कि 70 हजार रुपए जमा करा दो तभी डिस्चार्ज करेंगे वरना नहीं करेंगे चाहे जो हो जाए मरीज को वा उसके भाई से डॉक्टर और कर्मी हाथा पाई पर उतर आए मैनेजर वा डाक्टर ने परिजनों से 20 हजार रुपए पहले ही जमा करा लिए थे कुल पैसा 90 हजार रुपए ले लिए रसीद नहीं दिए रसीद मांगने पर कहा कि रसीद खत्म हो गई रसीद लेने आये हो कि इलाज कराने आये हो शिकायत दिनांक 14 मई को मुख्य चिकित्साधिकारी कौशाम्बी से परिजनों ने किया है सीएमओ से परिजनों को आश्वासन मिला है कि जल्द ही अस्पताल पर कर्यवाही होंगी।

# कमला देवी विद्यालय में हुआ परीक्षाफल वितरण समारोह एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन







**बैरमपुर कौशाम्बी।** कमला देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पूरब पश्चिम शरीरा में 15 मई को परीक्षा वितरण समारोह एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया है इस मौके पर स्कूल के छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा अखिल भारतीय अग्नि शिखा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मानस सिंह ने उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है प्रधानाचार्य प्रबंधक और मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा फल वितरण किया और बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें बधाई दी। हाई स्कूल की परीक्षा में संजय कुमार 82 प्रतिशत शिव श्याम ने 81 प्रतिशत और निरंजन सोनकर ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है इसी तरह इंटरमीडिएट की परीक्षा में कंचन देवी ने 86 प्रतिशत खुशबू ने 83 प्रतिशत और पवन कुमार ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया है इस मौके पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह प्रधानाचार्य रामेश्वर मिश्र प्रबंधक बद्री विशाल मिश्रा धीरेंद्र सिंह सुभाष चंद्र पांडे राजा राम मिश्रा श्री कृष्णा पांडे अर्जुन सिंह अशोक सिंह संतोष सिंह विनीत तिवारी आनंद सिंह लव कुश मिश्रा सूर्य प्रकाश मिश्रा बेनी प्रसाद मिश्रा शिवसागर द्विवेदी सहित स्कूल के छात्र-छात्राएं शिक्षक अभिभावक इलाके के गणमान्य व्यक्तियो सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

### प्रदूषण में रहना है जीवन के मौलिक अधिकार का उल्लंघन

सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी अपने आप में सब कुछ कह देती है कि प्रदूषण में रहना जीवन के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। देश की सर्वोच्च अदालत पर्यावरण को लेकर जो फैसले देती है, वे नजीर होते हैं। लेकिन अदालत अपना काम पूरा कर देती है, उसके बाद उस फैसले को लागू करना सरकारों का दायित्व होता है। क्या वास्तव में ही सरकारें इसकी परवाह करती हैं कि प्रदूषण में रहना जीवन के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। देश में पर्यावरण को साफ बनाए रखने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन क्या वे काफी हैं। असल में दिल्ली और उसके आसपास के इलाके में प्रतिदिन 3800 टन कचरे के अशोधित रह जाने को माननीय अदालत ने भयानक स्थिति करार दिया है।

वास्तव में हकीकत यह है कि ऐसी स्थिति के लिए अब शब्द भी कम पड़ रहे हैं, क्योंकि दिल्ली जोकि देश की राजधानी है, वहां प्रतिदिन जो कचरा निकलता है, उसे ले जाकर जहां डंप किया जाता है, वह एक कूड़े का पहाड़ बन चुका है और आजकल क्या अगले कई बरस तक उस जगह को साफ नहीं किया जा सकता। यह स्थिति तब है, जब देश में आम चुनाव जारी है और कोई भी राजनीतिक दल कचरे के पुख्ता समाधान के बारे में अपना पक्ष नहीं रख रहा। सभी राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप में लगे हैं, क्या अच्छे स्वास्थ्य के बगैर यह सब खानापूर्ति नहीं होगा।

वास्तव में इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा कि हमारी हवा स्वच्छ हो और हम अपनी अगली पीढ़ी को एक स्वस्थ जीवन का उपहार सौंप सकें। जैसे हालात नजर आते हैं, उनमें प्रति वर्ष न केवल हमारा पर्यावरण अपितु हवा की शुद्धता कम हो रही है। यह तब है, जब सर्वोच्च न्यायालय तक राज्य सरकारों को अपने यहां वायु प्रदूषण के कारकों की रोकथाम के लिए कह चुका है। गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष मार्च के महीने में पराली की वजह से दिल्ली एनसीआर में जीवन त्रस्त हो जाता है। इस पर भी सुप्रीम कोर्ट की ओर से राज्य सरकारों से जवाब मांगा जाता है, लेकिन पंजाब एवं हरियाणा की सरकारें इसके लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराती हैं। सर्वोच्च अदालत पंजाब एवं हरियाणा की सरकारों को कुछ भी करके पराली जलाने पर रोक लगाने को कह चुका है। हालांकि इसके बावजूद ऐसी रिपोर्ट आती रहती हैं कि पराली को आग लगाना जारी है। पंजाब में पराली जलने के मामलों को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी ने पंजाब के मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी थी।

दरअसल, यह कहना उचित है कि प्रदूषण के लिए सिर्फ पराली का जलना ही जिम्मेदार नहीं है। यह भी सच है कि मानसून के बाद खनन कार्य में तेजी आई है, वहीं निर्माण के सेक्टर में भी तेजी देखने को मिलती है। इससे हवा में धूल के कणों की संख्या बढ़ जाती है, साथ ही हवा की गति इन दिनों धीमी हो जाती है। इससे आसमान में धूल, धुएं के गुब्बार बन जाते हैं, जोकि समस्या की मुख्य वजह हैं। अब सुप्रीम कोर्ट जिस बात को रेखांकित कर रहे हैं, उस पर गंभीर चिंतन की जरूरत है। एक प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना मौलिक अधिकार है तो फिर यह अधिकार क्यों प्रदान करवाया जाता। इसकी जिम्मेदारी किसकी है। आजकल न हवा शुद्ध है, न पानी, न जमीन के ऊपर स्वच्छता है और न ही उसके अंदर। हर तरफ प्रदूषण है, पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। नदियों में रोजाना हजारों टन कचरा रोजाना बहाया जा रहा है। गंगा नदी के शुद्धिकरण की मुहिम कितने बरसों से जारी है, इस पर हजारों करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। लेकिन अब तब इस नदी का पानी हरिद्वार से आगे आचमन के लायक भी नहीं है। बेशक, गंगा जी परम पवित्र हैं, लेकिन आस्था के नाम पर अगर उस दूषित पानी का सेवन किया जाएगा तो क्या यह बीमारी को न्योता नहीं होगा।

चंडीगढ़ की बात करें तो यहां भी प्रदूषण बड़े पैमाने पर हो रहा है, शहर में मेट्रो चलाने का प्रोजेक्ट फाइलों तक सीमित है। प्रशासन की ओर से यहां इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन प्रशासन इसके लिए मूलभूत संसाधन ही विकसित नहीं कर पा रहा है। चंडीगढ़ में रोजाना हजारों की तादाद में वाहन आते-जाते हैं। यह भी प्रदूषण को बढ़ाने में अहम भूमिका अदा कर रहा है, लेकिन इसका कोई उपाय नहीं है। यह जरूरी है कि प्रदूषण रोकने की कवायद फाइलों से बाहर आकर जन अभियान बनाई जाए। आखिर प्रदूषण के रोकथाम की बात सिर्फ चर्चा में ही क्यों होती है, हकीकत में इसकी रोकथाम का समाधान कब और कैसे होगा?

### पंजाब में गन कल्चर पर रोक के लिए हो प्रभावी कार्रवाई

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से पंजाब सरकार से राज्य में हथियारों और हिंसा को प्रोत्साहित कर रहे गानों पर कार्रवाई या फिर कार्रवाई की सिफारिश के संबंध में जो हलफनामा मांगा है, वह समय की मांग है। पंजाब में गन कल्चर बेहद हावी है और जिस प्रकार के गाने एवं वीडियो सामने आ रहे हैं, उनमें हथियारों, मादक पदार्थों एवं अपराध को प्रोत्साहित किया जा रहा है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट की ओर से पहले भी अनेक बार इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। हालांकि पंजाब की मान सरकार की ओर से राज्य में गन कल्चर के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई है, वहीं मुख्यमंत्री ने गैंगस्टरों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हालांकि यह जरूरी है कि राज्य सरकार या फिर अदालत की ओर से आए निर्देश का सही तरीके से पालन हो। लेकिन बहुत बार ऐसा नहीं होता और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इस बार यही टिप्पणी की है कि पहले दिए गए निदेशों का सही से पालन नहीं किया गया है।

बावजूद इसके पंजाब में गन कल्चर पर लगाम लगाने के लिए मान सरकार के कड़े कदम सराहनीय हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री मान ने बंदूक रखने और उसके प्रदर्शन को लेकर पहले भी सख्त आदेश जारी किए थे, जोकि राज्य में अपराध की रोकथाम के लिए बेहद जरूरी कार्य है। अब पंजाब में बंदूक का ऑनलाइन या ऑफलाइन प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। ऐसे गाने जो हथियार या फिर हिंसा को महिमामंडित करते हैं, उन पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। इसके अलावा अब तक हथियारों के जितने भी लाइसेंस जारी किए गए हैं उनकी तीन महीने के भीतर ही समीक्षा की जाएगी।

पंजाब में पिछले दिनों से अनेक ऐसी आपराधिक वारदातें हुई हैं, जिनसे राज्य में तमाम सवाल उठ गए हैं। गन कल्चर पर यह वार जरूरी था। सरकार का यह आदेश सही है कि किसी को हथियार का नया लाइसेंस तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि डीएम व्यक्तिगत रूप से इसकी सिफारिश ना करें। इसके अलावा शादी या अन्य कार्यक्रमों में फायरिंग करना अपराध माना जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि आप सरकार द्वारा सूबे में गन कल्चर पर कार्रवाई का ऐलान काफी पहले किया गया था, उस समय उपायुक्त और पुलिस कमिश्नरों की शक्तियां भी बढ़ाई गई थी। राजस्व जिलों में उपायुक्त और कमिश्नरेट जिलों में पुलिस कमिश्नर को पावरफुल किया जा रहा है। जिलों के ये उच्चाधिकारी धारा 144 का इस्तेमाल करते हुए गन कल्चर से जुड़े मामलों में तुरंत कार्रवाई कर सकते हैं। यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया पर पुलिस का साइबर विंग नजर रखेगा। गौरतलब है कि पहले भी इस तरह के निर्देश जारी हुए हैं, लेकिन आदेश स्पष्ट न होने से कार्रवाई करने में दिक्कत होती थी। सरकार द्वारा जारी नए आदेश के तहत जिलों में पुलिस कमिश्नर और उपायुक्तों को धारा 144 के तहत सोशल मीडिया में गन के साथ फोटो डालने, गानों में इस तरह के कल्चर को प्रोत्साहित करने के मामलों में एफआईआर दर्ज करने की शक्तियां प्राप्त हैं। ऐसे मामलों में धारा 144 लागू करने के बाद आईपीसी 188 के तहत पुलिस अपराध करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकेगी।

# आधुनिक जीवन का अभिशाप है हाई ब्लडप्रेशर

-: ललित गर्ग:-




उच्च रक्तचाप यानी हाई ब्लड प्रेशर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके रोकथाम, पहचान और नियंत्रण को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल 17 मई को ह्वविश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है।ह्व वर्तमान में दुनिया भर में उच्च रक्तचाप से करीब डेढ अरब से अधिक लोग पीड़ित हैं। दुनिया भर में उच्च रक्तचाप वाले अनुमानित 46 फीसदी लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्हें उच्च रक्तचाप है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक उच्च रक्तचाप वाले पांच में से सिर्फ एक वयस्क इसे नियंत्रण में रखता है, जिसका अर्थ है कि 80 फीसदी को भारी खतरा है, जिसमें दिल का दौरा, स्ट्रोक, अनियमित दिल की धड़कन और गुर्दे को नुकसान पहुंचना आदि शामिल है। इस वर्ष की थीम के तहत ह्वअपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें और लंबे समय तक जीवित रहेंह्व, इस पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उच्च रक्तचाप के प्रमुख कारण हैं मोटापा, तनाव, अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, नियमित शारीरिक गतिविधि न करना, धूम्रपान, अल्कोहल, आहार में सोडियम (नमक) की अत्यधिक मात्रा और मधुमेह जैसी कुछ स्थितियाँ भी इसका कारण बन सकती हैं। गर्भावस्था के दौरान भी उच्च रक्तचाप हो सकता है।

नयी सदी की दहलीज पर खड़े महत्त्वाकांक्षी युवा-वर्ग के सामने प्रतिस्पधाओं का अंतहीन माहौल है। यदि वह इस बाधा दौड़ में हारता है, तो नकारात्मक तनावों से घिर जाता है, यदि जीतता है तो नयी-नयी स्पधाओं का चुनौति भरा संघर्ष फिर शुरू हो जाता है। अपनी विजय को स्थायी रखने तथा नये-नये कीर्तिमान स्थापित करने के लिए छल-प्रपंच और झूठ का सहारा लेता है। वैज्ञानिक कहते हैं दुनिया में जितना अधिक झूठ बढ़ा है, उतना ही अधिक हाई ब्लड प्रेशर का खतरा भी बढ़ा है। झूठ का रास्ता कभी सीधा नहीं होता। उबड़-खाबड़, टेढ़ा-मेढ़ा और घुमावदार होता है वह। कुटिल व्यक्ति के विचार सदा प्रदूषित रहते हैं। यह मन का प्रदूषण उच्च रक्तचाप की जड़ है। उच्च रक्तचाप से जुड़े तमाम खतरों के बीच प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं (अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड) का बढ़ता चलन चिंताजनक है। चिंता इसलिए कि खतरों को जानते-बूझते भी ऐसे खाद्य पदार्थों की बाजार में उपलब्धता ज्यादा होने लगी है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के हाल ही में सामने आए एक अध्ययन में बताया गया है कि नियमित रूप से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खाने से समय पूर्व मौत का जोखिम चार फीसदी बढ़ जाता है, जिसमें उच्च रक्तचाप प्रमुख है। आमतौर पर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ रेडी टू यूज होते हैं। पैकेट वाले स्नैक्स, डिब्बाबंद फूड, कोल्ड ड्रिंक इसकी श्रेणी में आते हैं। हाई ब्लडप्रेशर का खतरा महिलाओं से ज्यादा पुरुषों में होता है। इससे बचने के लिए न केवल डाइट और लाइफ स्टाइल पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि तनाव को कम करना और शरीर को सक्रिय बनाए रखने के लिए एक्सरसाइज भी बेहद जरूरी है। आजकल 18 साल से 50 वर्ष के लोग हाइपरटेंशन के अधिक शिकार हैं। हालांकि साठ साल की उम्र से पहले पुरुषों में उच्च रक्तचाप का खतरा ज्यादा रहता है, पर बाद में स्त्री-पुरुष दोनों में ही खतरे की आशंका बराबर होती है। देखा गया है कि जो व्यक्ति गुस्सा नहीं करते, वो कम बीमार होते हैं। जिस व्यक्ति को गुस्सा ज्यादा आता है, उनमें ब्लडप्रेशर, हाइपरटेंशन, गंभीर रूप से पीठ में दर्द की शिकायत देखी गई है। इसके साथ ही ऐसे लोगों को पेट की शिकायत भी हो सकती है। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस उच्च रक्तचाप की रोकथाम और नियंत्रण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें नियमित व्यायाम करना, स्वस्थ भोजन और संतुलित आहार खाना, तंबाकू, अत्यधिक शराब और धूम्रपान से बचना शामिल है। जीवनशैली में ये बदलाव उच्च रक्तचाप और इसकी जटिलताओं के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। व्यक्ति की भावनाएं, सोच, विचार और आदत में अन्तरसंबंध होता है। हमारे विचार, हमारे सोच को प्रभावित करते हैं और सोच से आदत बदलती है। इसके लिए आपको नियमित व्यायाम करना चाहिए। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस का एक प्रमुख संदेश नियमित रक्तचाप की निगरानी का महत्व है। उच्च रक्तचाप को अक्सर ह्वसाइलेंट किलरह्व कहा जाता है क्योंकि आमतौर पर इसके कोई लक्षण नहीं होते हैं जब तक कि यह गंभीर जटिलताएं पैदा न कर दे। नियमित रक्तचाप जांच से उच्च रक्तचाप का शीघ्र पता लगाने और जटिलताओं को रोकने के लिए समय पर हस्तक्षेप करने में मदद मिल सकती है। स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर द्वारा बताई गई दवाएं लेना भी शामिल है।

चिकित्सा-विज्ञान की अपूर्व प्रगति ने मनुष्य को इस जीवनघाती व्याधि से बचाने में कल्पनातीत सहयोग दिया है। रोग-निदान करने वाले अति संवेदी सूक्ष्म उपकरण, औषध-विज्ञान और सफल शल्य-क्रिया-ये सब किसी मृत्युंजयी तत्त्व से कम नहीं हैं। आश्चर्य तो इस बात का है कि इतना सब कुछ होते हुए भी उच्च रक्तचाप जैसी जानलेवा बीमारी का राक्षसी-पंजा नियंत्रण के बाहर है। जो चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं, वे आम-आदमी के लिए अलभ्य हैं। इस महंगी चिकित्सा-सेवा के द्वारा संपन्न व्यक्ति भले ही मृत्यु के निमंत्रण को एक अवधि तक टाल दें, किंतु गरीबों की दयनीय दशा की कल्पना कौन कर सकता है? मियामी विश्वविद्यालय अमेरिका के वैज्ञानिकों/डॉक्टरों ने अपनी संयुक्त विज्ञप्ति में अपील की है कि मानसिक तनावों को अपने पर हावी न होने दें। इस संबंध में लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के तौर-तरीके सिखाने चाहिए। उनका मानना है कि निरंतर तनाव-ग्रस्त रहने और भोजन में चिकने पदार्थों का अधिक सेवन करने वालों पर हाई ब्लड प्रेशर का आक्रमण आसानी से हो जाता है। तनाव मुक्त रहने से शरीर की रोग-प्रतिरोधक शक्ति सुरक्षित रहती है।

तमाम तरह के शोध इस बात का खुलासा करते रहे हैं कि ऐसे डिब्बा बन्द खाद्य पदार्थों में शुगर, फैट और नमक की मात्रा काफी अधिक होती है, जबकि फाइबर व अन्य पोषक तत्व कम होते हैं। इसीलिए प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुएं उच्च रक्तचाप से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा देती हैं। लोग बेपरवाह होकर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। खास तौर से नई पीढ़ी को ऐसी खाद्य वस्तुएं अधिक लुभा रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस की ओर से जारी एक रिपोर्ट में पाया गया कि भारत का प्रसंस्कृत खाद्य बाजार 2011 से 2021 तक 13.37 फीसदी की सालाना दर से बढ़ा है। हालांकि कोविड-19 महामारी के दौरान इस क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 5.50 प्रतिशत रह गई थी, लेकिन यह अस्थायी दौर था। इसके बाद फिर इनकी उपलब्धता सहज होने लगी। उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगियों में नियंत्रित परीक्षणों से पता चलता है कि पूरक पोटेशियम, फाइबर, एन-3 फैटी एसिड और फलों और सब्जियों से भरपूर और कम संतृप्त वसा वाले आहार से रक्तचाप में कमी आती है। कुछ जनसंख्या अध्ययन आहार प्रोटीन और रक्तचाप के स्तर के बीच विपरीत संबंध दिखाते हैं। नियमित रूप से कॉफी पीने से उच्च रक्तचाप के रोगियों में रक्तचाप बढ़ जाता है। ह्वतनावह्व की भूमिका रहस्यमय बनी हुई है, ह्वनौकरी का तनावह्व एवं ह्वपारिवारिक तनावह्व उच्च रक्तचाप के लिए एक संभावित स्वतंत्र जोखिम कारक है। चिंता इस बात की है कि खतरनाक बन रही खाद्य वस्तुओं को बाजार से हटाने का भारत में मजबूत तंत्र नहीं है। यहां तक कि शराब और धूम्रपान जैसे नशे की चीजों को नियंत्रित करने के लिए भी कोई ठोस नीति नहीं है। असल में उच्च रक्तचाप को लेकर सरकारी स्तर पर कोई चिंतन एवं चिन्ता भी नजर नहीं आती। यह बात सही है कि केंद्र और राज्य की सरकारों ने लोगों के पोषक आहार के लिए कई कार्यक्रम चलाए हैं, लेकिन बाजार में बिक रही उच्च रक्तचाप के लिए नुकसानदेह वस्तुओं पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस नीति नहीं है। लुभाने वाले विज्ञापन इन उत्पादों को बढ़ावा दे रहे हैं। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ की किसी को इजाजत नहीं दी जा सकती। जरूरी है कि सरकार नुकसानदायक खाद्य पदार्थों को लेकर सख्त विज्ञापन और विपणन नीति तो बनाए ही, इसे सख्ती से लागू भी करे।

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# करोड़पति जन सेवक और अधनंगी जनता

@ राकेश अचल



बात राजनीयति के इर्दगिर्द ही रहती है। रहना भी चाहिए, क्योकि मुद्दा है जहाँ, राजनीति है वहां। आज का मुद्दा है कि दो जून रोटी के लिए सरकार पर निर्भर 85 करोड़ कि आबादी वाले विश्व के सबसे बड़े लोकतनगर में जनसेवक किसे होना चाहिए और किसे नहीं ? क्या आजादी के ७७ साल बाद भी ये लोकतंत्र केवल और केवल धनपतियों के लिए है। आम आदमी की इसमें हिस्सेदारी की मुमानियत है ?

लोकसभा चुनाव के चार चरणों के बाद प्रत्याशियों की मालिई हालत के बारे में पढ़-सुनकर मन हुआ कि आज इसी मुद्दे पर बात की जाए। हम हैरान हैं, जग हैरान है कि पिछले एक दशक से देश के भाग्यविधाता बने काशी यानि बनारस के भाजपा प्रत्याशी के पास कुल जमा ले-देकर ३ करोड़ की सम्पत्ति है। जिला निर्वाचन अधिकारी के यहां नामांकन पात्र के साथ नास्ति किये गए हलफनामे के मुताबिक भाजपा प्रत्याशी श्री नरेंद्र मोदी जी के पास 2022-23 में कुल आमदनी 23 लाख 56 हजार 080 रुपये थी। मोदी की कुल संपत्ति 3 करोड़ 02 लाख 06 हजार 889 है। जाहिर है कि मोदी जी ने दस साल में खुद कुछ नहीं खाया भले ही तमाम लोगों को खाने दिया और देश से बाहर जाने दिया।

मोदी जी के प्रमुख प्रतिद्वंदी और रायबरेली से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी के पास 20 करोड़ रुपए कि सम्पत्ति है। अकेले वित्त वर्ष 2022-23 के दौरानकुल आमदनी 1 करोड़ 2 लाख और 78 हजार रुपये थी। राहुल गांधी के पास 9 करोड़ से अधिक की चल संपत्ति और 11 करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति है। निश्चित तौर पर मोदी जी कि विरासत राहुल की विरासत से न केवल सियासत के मामले में बल्कि पैसे के मामले में भी कमजोर है, फिर भी देश-दुनिया में मोदी जी का जोर है। मजे की बात ये है कि एक आदमी पिछले दस साल में हवाई जहाज से नीचे नहीं उतरा और दुसरे ने पूरा मुल्क पैदल नापने के अलावा कोई काम नहीं किया फिर भी दोनों करोड़पति है। भारत के लोकतंत्र में ही ये मुमकिन है।

मेरे पास हालाँकि देश के तमाम नाम-चिन्ह नेताओं यानि जनसेवकों की सम्पत्ति का व्यौरा है।

लेकिन मै सबका जिक्र नहीं कर सकता। आपकी दिलचस्पी है तो आप केंचुआ की वेबसाइट पर जाकर सभी कि कुंडली खंगाल सकते हैं। मै तो केवल उन प्रत्याशियों का हवाला दे रहा हूँ जो अकूत सम्पत्ति के मालिक हैं फिर भी चुनाव लड़कर जनता की सेवा करना चाहते हैं। इन करोड़पति जनसेवकों के प्रति हम गरीबों का मन कृतग्यता से लबालब है। सोचता हूँ कि यदि ये अरबपति, करोड़पति और लखपति जनसेवक न होते तो इस देश के लोकतंत्र का जनता का क्या होता ?

जनसेवा का व्रत लेकर रजतपट की बदनाम दुनिया से सियासत में कदम रखने वाली कंगना रनौत को उसी तरह वालीवुड की क्वीन कहा जाता है जैसे किसी जमाने में फूलनदेवी को 'बैंडिट क्वीन' कहा जाता था। दोनों कि अपनी सुंदरता है और अपनी-अपनी फैन फॉलोइंग है। फूलन को जाने दीजिये क्योंकि वे अब किसी स्वर्ग में विराजती हैं लेकिन हिमाचल के मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना जी कम से कम 90 करोड़ रुपए की मालकिन है। इतना धन लोकतंत्र में लोकसेवा किये बिना भी कमाया जा सकता है, वो भी केवल अपनी कला के बूते पर। कंगना राजनीति में आकर घाटे का सौदा कर रहीं है या नहीं ये भगवान जाने लेकिन देश को जानना चाहिए कि कंगना के पास क्या है और क्या नहीं है ?

12वीं पास बॉलीवुड अभिनेत्री और बीजेपी कैंडिडेट कंगना रनौत के पास कैश 2 लाख रुपये है और तमाम बैंक खातों, शेयरों-डिबेंचर्स और ज्वैलरी समेत अन्य को जोड़कर आलीशान घर, गाड़ियां और जूलरी के अलावा एक्ट्रेस के पास बैंक में भी करोड़ों रुपए जमा हैं। कंगना के कुल 8 बैंक अकाउंट हैं। लेकिन आजतक किसी ईडी या सीबीआई ने कंगना के बैंक खाते नहीं खंगाले क्योंकि उन्होंने राजनीयति से नहीं अपने परिश्रम से कमाया है।

कंगना ने हलफनामा देकर जिला निर्वाचन अधिकारी को बताया है कि उनके पास 91.50 करोड़ रुपए की संपत्ति है। आलीशान घर, गाड़ियां और जूलरी के अलावा एक्ट्रेस के पास बैंक में भी करोड़ों रुपए जमा हैं. मुंबई में कंगना के अलग-अलग बैंक खाते में ढाई करोड़ से ज्यादा रुपए मौजूद हैं। कंगना रनौत के पास मुंबई में 7 और मंडी में एक, यानी कुल आठ बैंक अकाउंट हैं, जिनमें कुल मिलाकर 2 करोड़ 55 लाख 86 हजार 468 रुपए जमा हैं। आईडीबीआई बैंक में एक्ट्रेस के दो खाते हैं जिनमें से एक में एक करोड़ सात लाख और दूसरे में 22 लाख जमा है। कंगना का बैंक ऑफ बड़ौदा में भी एक खाता है जिसमें 15,189,49 रुपए जमा हैं।

हमारे लोकतंत्र में जनसेवा के लिए चुनाव लड़ने वाले तमाम ऐसे प्रत्याशी हैं जिनके पास मोदी , राहुल या कंगना से भी सौ गुना ज्यादा समपत्ति है। हमारा लोकतंत्र किसी धनकुबेर को चुनाव लड़ने से नहीं रोकता। किसी की सम्पत्ती की जांच नहीं करता, फिर भी देश को लूटने या बनाने के आरोपी अमीरों की उदारता है कि वे सीधे चुनाव नहीं लड़ते। वे इलेक्टोरल बांड के जरिये पैसा देकर लोगों को , पार्टियों को चुनाव लड़वाते हैं। ये वे लोग हैं जो [बकौल मोदी जी ] राहुल गांधी के यहां टेम्पो में भर -भरकर रुप्पया पहुंचते हैं।

अभी तक उपलब्ध जानकारी के मुताबिक अकूत सम्पत्ति के मालिकों के बीच सबसे गरीब उम्मीदवार कट्टा आनंद बाबू हैं, जो कि आंध्र प्रदेश के बापटला संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। 32 साल के आनंद बाबू पोस्ट ग्रेजुएट है। इनके खिलाफ कोई भी आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। इनकी कुल चल संपत्ति 7 रुपये है, जबकि अचल संपत्ति के नाम पर कुछ भी नहीं है। इसके अलावा इनके ऊपर 2.5 लाख रुपये का कर्ज भी है। मुझे पता है कि ये देश कभी भी आनंद बाबू को अपना जन प्रतिनिधि नहीं चुनेगा। इस देश में आंध्र प्रदेश की गुंटूर सीट से टीडीपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ही चुने जायेंगे। चंद्रशेखर पेम्मासानी के पास कुल संपत्ति 5,705 करोड़ रुपये से अधिक की है।

भारत के इस अजब-गजब लोकतनत्र में प्रत्याशी जितने अजब-गजब है। जन मतदाता भी उतने ही अजब-गजब है। वे आनंद जैसों को नहीं पेम्मासानी जैसों को ही चुनते हैं। मतदाता कभी किसी से ये सवाल नहीं पूछता कि उसके पास आखिर अकूत दौलत आई तो आई कहाँ से ? वैसे भी लोकतांत्र के ताजा दौर में सवाल करने की इजाजत किसी को है नहीं।

# कांग्रेस का आत्मविश्वास लौटा

– कल्याणी शंकर

कांग्रेस पार्टी की रणनीति मुख्य रूप से सामाजिक कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण से संबंधित है। इस सर्वव्यापी दृष्टिकोण का उद्देश्य मतदाताओं की प्राथमिक चिंताओं को दूर करना है और इसमें मतदाताओं के एक विशाल वर्ग से जुड़ने की क्षमता है। यदि इसे मतदाताओं का समर्थन मिलता है तो यह चुनाव परिणामों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है।

कई अन्य देशों की तरह, भारत में भी राजनीतिक दल अक्सर आधिकारिक परिणाम घोषित होने से पहले ही चुनाव के दौरान जीत का दावा करते हैं। यह उनकी राजनीति का हिस्सा है। भारत में चल रहे चुनाव कोई सामान्य राजनीतिक घटना नहीं हैं; वे देश के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, और साथ ही कई राजनीतिक दलों के नेताओं के भाग्य के लिए भी। उनके गहरे और दूरगामी निहितार्थ हैं। मौजूदा हालात में सत्तारूढ़ भाजपा ने जीत का ऐलान करते हुए कहा है कि नतीजे उसकी उम्मीदों के मुताबिक होंगे। हालांकि, वास्तविक परिणाम अनिश्चित बना हुआ है, जिससे राजनीतिक परिदृश्य में रहस्य की परत जुड़ गई है। सात चरण के मतदान में से चार पहले ही हो चुके हैं, और शेष तीन चरण 20, 25 मई और 1 जून को होंगे। इनके नतीजे चुनाव परिणामों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं, जो 4 जून को सामने आयेंगे। हालिया जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इन चुनावों में तीसरी बार अभूतपूर्व जीत हासिल करने का अनुमान है। इस बात पर बहस चल रही है कि भाजपा की सीटें बढ़ेंगी या घटेंगी। नरेंद्र मोदी सहित भाजपा नेताओं का दावा है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग 543 सदस्यीय लोकसभा में 400 से अधिक सीटें जीतेगा। गृह मंत्री अमित शाह का कहना है कि एनडीए पहले तीन चरणों में 283 में से 200 सीटें हासिल करेगा। कांग्रेस पार्टी ने केवल एक बार 1984 के लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीती थीं। राजनीतिक खिलाड़ियों को गेम-चेंजिंग रणनीति की आवश्यकता है क्योंकि समर्थन की कोई स्पष्ट लहर नहीं है। लाभ हासिल करने के लिए, भाजपा ने पांच प्रमुख रणनीतियों को लागू किया है: सेलिब्रिटी उम्मीदवारों का चुनाव लड़ना, हिंदू आधार को मजबूत करना, अल्पसंख्यक समूहों से अपील करना, विपक्ष द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों में हिंदू वोटों को बनाये रखने के लिए फिर से बनाई गई सीमाओं का फायदा उठाना और मोदी को सर्वोच्च नेता के रूप में पेश करना। कांग्रेस और उसके सहयोगीगैर-भाजपाई हिंदुओं को मजबूत करने का प्रयास करते हुए एक रणनीतिक कदम उठा रहे हैं। मौजूदा चुनाव में मतदान प्रतिशत में गिरावट देखी गई, और यह अभी भी विचार किया जा रहा है कि क्या इसमें सुधार होगा या गिरावट जारी रहेगी। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने हाई-टेक शहरों में मतदाताओं की कठोर उदासीनता को उजागर करते हुए कुछ महानगरीय शहरों में मतदान पर निराशा व्यक्त की। यह चुनाव परिणामों को आकार देने में प्रत्येक मतदाता के महत्व को रेखांकित करता है। ध्यान रहे कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री सीपी जोशी एक वोट से चुनाव हार गये थे। उनकी पत्नी और बेटी उनकी जीत की प्रार्थना करते हुए वोट देने से चूक गईं। इससे पता चलता है कि कैसे एक वोट भी चुनाव परिणामों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है यह किस्सा चुनाव परिणामों पर एक वोट के संभावित प्रभाव पर भी जोर देता है। भारत के कुछ हिस्सों में उच्च तापमान से चुनाव में मतदान कम हो सकता है। हालांकि, कम मतदान कभी-कभी सत्तारूढ़ पार्टी को नुकसान पहुंचा सकता है, क्योंकि स्थानीय मुद्दे परिणाम को प्रभावित कर सकते हैं। भाजपा का लक्ष्य छह भारतीय राज्यों: पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल में अपनी राजनीतिक स्थिति में सुधार करना है। हालांकि, इसे क्षेत्रीय दलों से चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जो राज्य चुनावों को प्रभावित करने और समग्र परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। हाल ही में एक रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव परिणामों की भविष्यवाणी में अनिश्चितताओं के बारे में बात की थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर हिंदी में एक संदेश पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने दोस्तों पर हमला किया, यह दशार्ता है कि मोदीजी की कुर्सी हिल रही है। सपा नेता अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा की हालत खराब हो गई है। कांग्रेस पार्टी की रणनीति मुख्य रूप से सामाजिक कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण से संबंधित है। इस सर्वव्यापी दृष्टिकोण का उद्देश्य मतदाताओं की प्राथमिक चिंताओं को दूर करना है और इसमें मतदाताओं के एक विशाल वर्ग से जुड़ने की क्षमता है। यदि इसे मतदाताओं का समर्थन मिलता है तो यह चुनाव परिणामों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है।

# सरकार बनने पर बनेगा बुंदेलखंड राज्यः मायावती

अखंड भारत संदेश

**अतर्रा/बांदा।** लोकसभा चुनाव को लेकर दिग्गज नेताओं की रैलियां जारी हैं। बांदा-चित्रकूट से बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी को जिताने को बसपा सुप्रीमो/पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अतर्रा कस्बे के हिंदू इंटर कॉलेज मैदान में बड़ी चुनावी जनसभा में कहा कि बसपा सरकार बनने पर बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाया जायेगा। चंदा लेने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि बसपा संगठन से सदस्यता के तौर व उनके जन्मदिन पर चंदा लेती है। पूंजीपतियों से बसपा ने कभी चंदा नहीं लिया।

## पूंजीपतियों से बसपा नहीं लेती चन्दा

बुधवार को अतर्रा कस्बे के हिन्दू इंटर कालेज में बसपा सुप्रीमो/पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने जमकर विपक्षियों पर निशाना साधा। जनसभा में ऐलान किया कि सत्ता में आने पर बुंदेलखंड को अलग राज्य बनायेंगे। यहां के विकास की नई इबारत लिखेंगे। विपक्षियों पर हमला बोलते हुए कहा कि सभी पार्टियों ने इलेक्ट्राल बांड से चंदा लेकर चुनाव लड़ा है। बसपा ऐसी पार्टी है जिसने किसी भी पूंजीपति व धन्ना सेठों से एक रुपया भी चंदा नहीं लिया। उनके जन्मदिन दिन पर थोड़ा-थोड़ा चंदा एकत्र कर पार्टी चलाई है। चुनाव लड़ने का काम किया है। उन्होंने बुंदेलखंड में ब्राम्हण वोटरों की तदाद देखते हुए कहा कि हमारी सरकार में ब्राम्हणों का कही भी उत्पीड़न नही हुआ। बुंदेलखंड में ब्राम्हण वोटो की तादाद अधिक है। ब्राम्हण समाज के लोगो को टिकट दिया है। बांदा, चित्रकूट, महोबा-हमीरपुर व झांसी लोकसभा सीट से बसपा ने ब्राम्हण समाज के प्रत्याशी चुनाव में उतारे हैं।



अतर्रा की जनसभा में बोलती मायावती।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश की आजादी के बाद कांग्रेस रही हो या फिर दस सालों से भाजपा दोनों ने ही जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया है। उनका प्रयोग विपक्ष को फंसाने में किया है।

## विपक्षियों पर जमकर बोला हमला

सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने अति पिछड़े, आदिवासी व गरीबों के आरक्षण को खत्म किया है। अखिलेश यादव ने अपनी सरकार में गरीब, वंचित, आदिवासियों के हक पर डाका डाला है। अखिलेश यादव के राज्य में गुंडों का आतंक रहा है। भाजपा सरकार जातिवाद व सम्प्रदायवाद की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादियों के बहकावे में न आयें। दोनों ही गठबंधन एनडीए व इंडिया गठबंधन पर हमलावर बोलते हुए कहा कि घोषणा पत्र, सिर्फ शिगूफा है। बसपा घोषणा पत्र नहीं लाती, घोषणा करने से नहीं, काम करने पर भरोसा करती है। लोगों से अपील किया कि बसपा प्रत्याशी मयंत द्विवेदी को जिताकर लायें। अतर्रा कस्बे में रैली में भीड़ देखकर मायावती गदगद नजर आईं। रैली में बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी समेत बांदा-चित्रकूट के बसपा जिलाध्यक्ष व तमाम बसपाई मौजूद रहे।

## बसपा मुखिया शासन में कानून व्यवस्था रही है चैकसः मयंक

अखंड भारत संदेश



बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी।

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने कहा कि ये रैली नहीं, रेला है। रैली में इस कदर भीड उमडेगी, उन्हें अंदाजा नहीं था। रैली की भीड देखकर प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने कहा कि 2007 से 2012 तक बसपा मुखिया के राज में चित्रकूट जिले से डकैतों का खात्मा हुआ है। दुर्दान्त डकैत ददुआ-ठोकिया समेत तमाम डकैतों का सफाया हुआ है। डकैतों के सफाये के बाद से ही लोगों ने चैन की सांस ली है। उन्होंने बसपा मुखिया की सराहना करते हुए कहा कि बसपा मुखिया के कार्यकाल में कानून व्यवस्था इस कदर चैकस रही है कि लोग चैन की सांस लेते रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने पर वे सभी गोरखधन्धों पर अंकुश लगायेंगे। कोई भी किसी गरीब को सताने का साहस नहीं कर सकेगा। क्षेत्र व संसदीय क्षेत्र के विकास को हर कदम पर मौजूद रहेंगे।

# 11 जुआरियों को जुआ खेलते दबोचा

### 67135 रुपये, चार बाइक, दस फोन, पांच घडी व पांच किलो गांजा बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा श्यामदेव सिंह व प्रभारी निरीक्षक एसओजी एमपी त्रिपाठी की टीम ने 11 जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से 67135 रुपये, चार मोटरबाइक, दस फोन, पांच घड़ी व पांच किलो गांजा बरामद किया।



एसओजी व कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में जुआरी।

बुधवार को एसओजी व कोतवाली की टीम ने छापेमारी कर जुआ खेलते रामभवन उर्फ भुवन यादव पुत्र सुखराज यादव भुईहरी, सरजूशरण अवस्थी पुत्र सदाशिव खोही, सरजू मिश्रा पुत्र नन्हे, कल्लू यादव पुत्र राजू यादव भैसौंधा भरतकूप, बब्लू पुत्र अवधनरेश कंधई पुरवा भैसौंधा, पवन कुमार यादव पुत्र रामनरेश, तेजभवन पुत्र देवचन्द्र कहेटामाफी, नीतेश सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह पीलीकोठी, शैलेन्द्र कुमार श्रीवास पुत्र जगराम पीलीकोठी, भरमदीन पुत्र रमन लालापुर व कमलापति पुत्र गयाप्रसाद गोबरिया को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 65500 रुपये, ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी से 1635 रुपये, चार मोटरबाइक, दस फोन, पांच घड़ी, पांच किलो गांजा बरामद किया। सभी के खिलाफ कोतवाली कर्वी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। गांजा बरामदगी पर रामभवन पर एनडीपीएस एक्ट लगाया। टीम में प्रभारी निरीक्षक एसओजी एमपी त्रिपाठी, दीवान जीतेन्द्र कुमार, दीवान नीतेश समाधिया, सिपाही रोहित सिंह, रोशन सिंह, गोलू भार्गव, पवन कुमार, ज्ञानेश मिश्रा, राघवेन्द्र व कोतवाली कर्वी के दरोगा श्यामदेव सिंह, प्रशिक्षु दरोगा कुंवर प्रखर सिंह शामिल रहे।

# पोलिंग पार्टी रवानगी-मतगणना स्थल का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

## हर हाल में 18 को रवानगी स्थल पर पहुंचे वाहन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर चित्रकूट इंटर कॉलेज में 236 विधानसभा चित्रकूट व 237 विधानसभा मानिकपुर/मऊ के लिए पार्टी रवानगी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बुधवार को डीएम-एसपी ने कार्मिक काउंटर, ट्रांसपोर्ट, पुलिस काउंटर, पार्किंग, मेडिकल कैंप आदि का जायजा लिया। ईओ कर्वी को निर्देश दिये कि जीजीआईसी में पार्किंग बनायें। जिलाधिकारी ने ईओ कर्वी को निर्देश दिये कि परिसर में पानी का टैंकर व साफ- सफाई कराकर पानी का छिड़काव भी करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि जीजीआईसी में साफ-सफाई के साथ पार्किंग साइन बोर्ड लगायें। कार्मिक काउंटर बाबत कहा कि 12 काउंटर कर्वी व 11 काउंटर मानिकपुर के लिए अलग-अलग बैरिकेटिंग कराकर व गलियारा को बंद भी करायें। ट्रांसपोर्ट बाबत एआरटीओ प्रवर्तन को निर्देश दिये कि 18 मई को सभी गाड़ियां खड़ी हो जानी चाहिए। पार्टी रवानगी के साथ पुलिस कर्मियों के काउंटर बाबत कहा कि चित्रकूट बाल विद्यालय की ओर काउंटर बनाया जाये। गाड़ियों के चालक को अलग से पंडाल बनाकर कुर्सियां लगवायें।



मतगणना स्थल का जायजा लेते डीएम-एसपी आदि।

उन्होंने सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/उप जिलाधिकारी कर्वी को निर्देश दिये कि हर काउंटर का बैनर बूथ वाइज लिखा रहे, बनवायें। मेडिकल कैंप भी लगवायें। कैम्प में ओआरएस भी रखवायें। जिलाधिकारी ने ईओ कर्वी को निर्देश दिये कि पानी का टैंकर व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था समेत सफाई कर्मी लगायें।

डीएम-एसपी ने राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में स्ट्रांग रूम की व्यवस्था देखी। उन्होंने कहा कि काउंटर के पास कोई भी सामान्य व्यक्ति नहीं घुसने चाहिए। बेरीकेडिंग करायें व रिसीविंग टेबल अलग से बनायें। ईओ कर्वी को निर्देश दिये कि रामायण मेला स्थल के पास मैदान की साफ-सफाई करायें। सीसीटीवी कैमरा जहां आवश्यक हो, वहां अभी से लगवायें। पानी का टैंकर, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा को बैरक व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, एसडीएम मोहम्मद जसीम अहमद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, सीओ सिटी राजकमल समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मारपीट के आरोपियों को हुई सजा

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार ने न्यायालय से गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी के दो आरोपियों को सात दिन की सजा व एक-एक हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया। बुधवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल व अभियोजन अधिकारी बृजमोहन की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे ने राजापुर थाने में दर्ज मारपीट आदि के मामले के आरोपी चुनकउना यादव उर्फ नबी पुत्र बलदेव यादव व अभिषेक उर्फ शेरा पुत्र देवशरण निवासी छीबो को सात दिन के कारावास व एक-एक हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

## मां का प्यारः शानदार रत्न है, संजोकर रखें- ऊषा जैन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़दास जी महाराज की कृपा से संचालित सदगुरू शिक्षा समिति ने मां की महिमा को याद करने को सद्गुरु सभागार विद्याधाम में मातृ दिवस मनाया।

बुधवार को एसपीएस व विद्याधाम के संयुक्त उत्सव में छात्रों ने माताओं के साथ हिस्सा लिया। खेल-खेले व टीम ने नृत्य पेश किया। बतौर मुख्य अतिथि सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के निदेशक/ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से जीवन में मां के त्याग को समझना व हमेशा हृदय में संजोना है। अध्यक्ष सद्गुरु शिक्षा समिति ने बतौर विशेष अतिथि श्रीमती ऊषा जैन ने दोनों विद्यालयों के प्रयास को बधाई दी। कहा कि जीवन में माताओं का योगदान शब्दों से परे है। उसे नापा नहीं जा सकता। मां का प्यार शानदार रत्न है जिसे संजोकर रखें। इस मौके पर ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने अपनी मां ऊषा जैन को प्यार भरा मार्मिक संदेश भेजा, जो सभी के लिए सुखद आश्चर्य था। कार्यक्रम के वाह क्षण के बतौर लिया गया। दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सद्गुरु पब्लिक स्कूल के प्राचार्य राकेश तिवारी, विद्याधाम उमा विद्यालय के प्राचार्य शंकरदयाल पांडे, शिक्षा समिति के सचिव आरबी सिंह चैहान, शिक्षक, अभिभावक, छात्र व सदगुरु परिवार के सदस्य मौजूद रहे। संचालन सह प्राचार्य अंजली भटनागर ने किया। सभी छात्रों व माताओ के लिए खुशी का



मां को याद करता बच्चा।

## दम्पति के विवाद को महिला थाना ने सुलझाया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** महिला थाना पुलिस टीम ने आपसी पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया। बुधवार को भरतकूप थाने के मुकुन्दपुर गांव की श्रीमती सुनीता पुत्री भइयालाल ने पति आदित्य पुत्र राम आश्रय चित्रकूट के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज बाबत महिला थाने में पत्र दिया। महिला थाना टीम ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को थाने बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने को कहा। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने तालमेल से रहने का भरोसा दिया। टीम में दरोगा संतोष कुमार त्रिपाठी व महिला सिपाही दीपिका सिंह शामिल रहीं।

## हज यात्रियों को रवाना करते मुस्लिम भाई

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के कोलगदहिया गांव से जनाब रमजान अली पुत्र अजीजुद्दीन अपनी पत्नी बिलकिश के साथ हज यात्रा को रवाना हुए। हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक लोगों ने फूल-माला पहनाकर गाजेबाजे के साथ हाजियों का काफिला कोलगदहिया से लखनऊ को रवाना हुआ।

बुधवार को गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के सदर अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ठेकेदार, हाजी इदरीश अली, हाफिज तौफीक रजा, सुल्तान अहमद, अल्लाह रक्खू, इरफान अली, गुलाब अहमद, अबरार अली, नवाब अली आदि ने फूल-माला पहनाकर हज यात्रियों को रवाना किया। उन्होंने हज यात्रियों की यात्रा मंगलमय होने की कामना की। कोलगदहिया गांव से प्रतिवर्ष कोई न कोई हज यात्रा को रवाना होते हैं। कमेटी के अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ऐसे शुभ कार्यों के लिए मुस्लिम भाइयों के साथ हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके सेवा कार्य व समाजसेवा से मुस्लिम भाई खासे खुश नजर आते हैं।



हज यात्रियों को रवाना करते हाजी रज्जन अली आदि।

# शत-प्रतिशत मतदान को डीएम ने दिलाई शपथ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द की मौजूद में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने की गरज से स्वीप कार्य योजना के तहत स्पोर्ट्स स्टेडियम में जन जागरूकता की गई।

बुधवार को जिला मुख्यालय के विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं व आम जनता तथा अधिकारियों, कर्मचारियों ने वोट करेगा चित्रकूट 20 मई को प्रतीक चिन्ह बनाकर मतदाता जागरूकता की शपथ ली गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 20 मई को मतदान प्रतिशत बढ़ाने को अभिनव प्रयास कर जिले में मतदाता जागरूकता हो रहे हैं, ताकि जिले में मतदान शत-प्रतिशत हो सके। उन्होंने कहा कि स्टाफ व कॉलेज के बच्चों समेत सिंबल बनाकर वोट करेगा चित्रकूट की शपथ दिलाई गई है। सभी मतदान केंद्रों पर छाया, पानी की व्यवस्था है। मतदाताओं को मतदान करने में किसी प्रकार की समस्या न हो। जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो। सीडीओ अमृतपाल कौर ने कहा कि महिला मतदाताओं को अधिक से अधिक जिले में मतदान को आंगनबाड़ी, आशा, एएनएम व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लगाकर गांव-गांव में जागरूक कराया जा रहा है, ताकि महिलाओं का प्रतिशत अधिक रहे। जिले की सभी महिलाओं से अपील किया कि 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान प्रतिशत बढ़ायें। इस दौरान एडीएम एफआर उमेशचन्द्र निगम, एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, एसडीएम मोहम्मद जसीम, आलोक सिंह, बीएसए लव प्रकाश यादव, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, डिप्टी आरएमओ अविनाश चंद्र झा, यात्री कर अधिकारी संतोष कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार कर्वी मंगल सिंह, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला समेत संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्रायें व शिक्षक तथा आम जनता मौजूद रहे। संचालन शिक्षक सुरेश प्रसाद ने किया।



मतदान को शपथ दिलाते डीएम।

## हर हाल में बीएलओ दें मतदाता पर्चीः एसडीएम

अखंड भारत संदेश

**राजापुर/चित्रकूट।** 20 मई को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा की मौजूदगी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हुई गोष्ठी में नगर पंचायत राजापुर सभागार में बीएलओ के घर-घर मतदाता पर्ची व मतदाता आमंत्रण पत्र देने को तहसील क्षेत्र के 197 बूथों में पेयजल, शौचालय, विद्युत व मतदाताओं के प्रतीक्षालय पर चर्चा हुई। बुधवार को गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम प्रमोद झा ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में प्रत्येक मतदाता को उत्साह से भागीदारी को मतदाता के पास मतदाता पर्ची घर-घर बीएलओ दें। मतदाता का मोबाइल नम्बर रजिस्टर में दर्ज करें, ताकि सत्यापित किया जा सके। चुनाव क्षेत्रों में स्वीप गतविधियों का पालन किया जाये। मौजूद बीएलओ को निर्देश दिये कि चुनाव के 24 घंटे पहले हर मतदाता की मतदाता पर्ची शत-प्रतिशत बंट जाये। बैठक के बाद वार्ड चार कारखाना व वार्ड सात माधोगंज में पिछले लोस चुनाव में कम मतदान हुआ था। दोनो वार्डों में एसडीएम व एसडीएम न्यायिक फूलचंद्र यादव, नायब तहसीलदार राजीव दुबे व सभी बीएलओ ने सम्पर्क कर मतदान निमंत्रण बांटे। इस मौके पर ईओ बीएन कुशवाहा, बीएलओ ऊषा जायसवाल, राजरानी रैकवार, हसीना, नीतू सोनकर, वर्षा देवी, संजय पाण्डेय, पूनम गुप्ता, स्नेहलता, स्वरूप रानी आदि मौजूद रहे।



निर्देश देते एसडीएम।

# 31 मई तक अनुत्तीर्ण छात्र दें आवेदन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद कार्यालय सचिव प्रयागराज ने छह मई को दिये आदेश में कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित 2024 की हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट व इंटरमीडिएट में कम्पार्टमेन्ट परीक्षा को योग्य परीक्षार्थियों का ऑनलाइन आवेदन सात से 31 मई तक मंजूर किये जायेंगे। हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा बाबत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण एक विषय व कम्पार्टमेन्ट के तहत अनुत्तीर्ण दो विषयों में से केवल एक विषय में ही परीक्षा में शामिल हो सकता है। परीक्षा शुल्क 256.50 रुपये निर्धारित है। इंटरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा बाबत मानविकी, वैज्ञानिक व वाणिज्य वर्ग से शामिल परीक्षार्थी किसी एक विषय में कृषि भाग-1 व 2 में निर्धारित विषयों में से किसी एक प्रश्न पत्र एवं व्यावसायिक वर्ग के ट्रेड विषय के किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होने को योग्य माने जायेंगे। परीक्षा शुल्क 306 रुपये निर्धारित है। परीक्षार्थी के निर्धारित परीक्षा शुल्क कोषागार में चालान से माध्यमिक शिक्षा परिषद के नाम जमाकर चालान की मूल प्रति समेत आवेदन में लगायें।

## 40 लीटर महुआ शराब समेत एक दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में चैकी प्रभारी खोही रमेश सिंह व सिपाही आशीष कुमार ने अजय सोनी पुत्र भाऊराम सोनी शिवरामपुर सोनारन पुरवा के कब्जे से 40 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

# जल-जंगल-जमीन-पर्यावरण बचाओ के रूप में मनी टिकैत की पुण्यतिथि

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** किसान नेता बाबा चैधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर जल-जंगल-जमीन-पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस के बतौर मनाया गया। भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के निर्देश पर लबेद खंडेहा किसान चैराहा स्थित स्मारक किसान नेता बाबा चैधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर 13वीं पुण्यतिथि मनाई।

बुधवार को सदर तहसील कर्वी व राजापुर तहसील में हवन कर पुष्पांजलि दी गई। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने बताया कि बाबा टिकैत युग पुरूष थे। जिनका संकल्प था कि जल-जंगल-जमीन-पर्यावरण बचाओ से पूरे भारत में किसान संकल्प दिवस के रूप में मनाते हैं। तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने बताया कि जिले में जल-जंगल का दोहन किया जाता है। एक दशक से भाकियू जिला प्रशासन को लगातार सचेत करता आ रहा है। जंगल पूरी तरह काटे जा रहे थे, सैकड़ों बार वन विभाग को ज्ञापन देकर चेताया, लेकिन वन विभाग व जिला प्रशासन के कानों में जूं तक नही रेंगी। जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल ने कहा कि वन कटान जिले में होता रहा तो, वह दिन दूर नहीं जब आमजन मानस में पर्यावरण का बुरा प्रभाव पड़ेगा। लोग बारिश के पानी शुद्ध माहौल को तरसेंगे। जिला प्रशासन को वन कटान पर कडी कार्यवाही करनी चाहिए। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने साधन सहकारी समिति एव खरीद केंद्रों पर समय से सचिवों के न जाने, किसानों की समस्याओं का निराकरण न करने, नर्वदा बीज भंडार, हरि साफी किसानों को बीज व दवाइयां नही देता। किसानों से तानाशाही रवैया अपनाता है। जांच कर लाइसेंस रद्द किया जाये। इस मौके पर किसानों ने बाबा टिकैत की पुण्यतिथि पर संकल्प लिया कि जल-जंगल-जमीन पर्यावरण बचाने को पूरा सहयोग देंगे। जिला मंडल सचिव उदयनारायण सिंह, राममूरत नामदेव, वीरेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, अर्जुन सिंह, शत्रुघ्न सिंह, नरेश तिवारी, बद्री प्रसाद, विजय कुमार, शिव सिंह, नरेश सिंह, रामेश्वर, श्रीकेशन, कमलेश, रामशरण राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।



टिकैत की पुण्यतिथि मनाते भाकियू।

# इंडोनेशिया: बाढ़ के बाद से मलबों में लोगों की तलाश जारी, अब तक 52 शव मिले

**तनाह दतार।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप में बाढ़ की तबाही से मरने वालों की संख्या बढ़कर 52 हो गई है। बचावकर्मियों ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित गांवों में मलबे में लोगों की तलाश जारी रखी। जानकारी के मुताबिक मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। मानसून की भारी बारिश, भूस्खलन और माउंट मेरापी से निकले लावे ने शनिवार आधी रात से ठीक पहले पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के चार जिलों में कहर बरपा दिया था।



राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि बाढ़ में बड़ी संख्या में लोग बह गए और घर व इमारतें जलमग्न हो गईं। 3,300 से अधिक लोगों को अस्थायी सरकारी सहायता केंद्रों में जाना पड़ा है। मुहारी ने कहा कि मंगलवार तक मलबे से 52 शवों को निकाला जा चुका है। बचावकर्मी उन 20 लोगों की तलाश कर रहे हैं, जो लापता हैं। प्रांतीय राजधानी पडांग में खोज और बचाव कार्यालय के प्रमुख अब्दुल मलिक ने कहा कि दूरदराज के इलाकों में अभी भी पहुंच संभव नहीं है, इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भू-भौतिकी एजेंसी ने कहा कि आगामी दिनों में पश्चिम सुमात्रा प्रांत में और अधिक बारिश होने का अनुमान है। अगले सप्ताह तक अत्यधिक बारिश हो सकती है। इंडोनेशिया के ह्यसेंटर फॉर वोल्केनोलॉजी एंड जियोलॉजिकल डिजास्टर मिटिगेशनह्न के अनुसार, माउंट मेरापी ज्वालामुखी को अचानक विस्फोटों के लिए जाना जाता है। मेरापी में विस्फोटों का अनुमान लगाना मुश्किल है, क्योंकि स्रोत उथला है और शिखर के पास है। मेरापी ज्वालामुखी जनवरी 2024 में एक विस्फोट के बाद से सक्रिय है। यह इंडोनेशिया में 120 से अधिक सक्रिय ज्वालामुखी में से एक है। पैसिफिक ह्यरिंग ऑफ फायरह्न पर स्थित होने के कारण देश आए दिन भूकंप के झटकों का अनुभव करता रहता है।

# कूटनीतिक वार्ता से ही नेपाल–भारत की समस्या का समाधान संभव: विदेश मंत्री श्रेष्ठ

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने विश्वास व्यक्त किया है कि कूटनीतिक वार्ता के जरिये ही भारत के साथ चली आ रही समस्याओं का समाधान हो सकता है। कूटनीतिक संवाद के जरिए हल होने वाली समस्याओं का दूसरा या तीसरा विकल्प नहीं ढूंढ़ा जाना चाहिए।



नेपाल-भारत संबंधों पर नेपाल के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित सेमिनार में विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा कि सदियों से रहे संबंध को छोटी-मोटी सीमा समस्या के कारण नहीं बिगड़ा जा सकता। दोनों देशों के संबंध प्रकृति द्वारा संरक्षित, सांस्कृतिक एकता से सिंचित, व्यापक, बहुआयामिक तथा अतुलनीय है।

विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच कुछ समस्याएं हैं, जो अभी की नहीं है बल्कि इतिहास से चलती आ रही है। इन समस्याओं के लिए न तो वर्तमान भारत सरकार और न ही नेपाल सरकार जिम्मेदार है। इतिहास की इन समस्याओं का समाधान कूटनीतिक संवाद के जरिए किए जाने की बात विदेश मंत्री ने कही। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक माध्यम से इन समस्याओं का समाधान कर संबंधों को नई ऊंचाई पर पहुंचाने की आवश्यकता है। विदेश मंत्री ने कहा कि द्विदेशीय सम्बन्ध सार्वभौम समानता, शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व, सद्भावना, पारस्परिक विश्वास और समझदारी पर आधारित होने के कारण इसको और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। दोनों देशों के बीच निरन्तर होने वाले उच्चस्तरीय भ्रमण, इन संबंधों को और ऊंचाई प्रदान करते हैं।

## शबाना आजमी फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन से सम्मानित



**लंदन।** भारतीय सिनेमा और महिला अधिकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अभिनेत्री शबाना आजमी को फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन के खिताब से सम्मानित किया गया।

शबाना आजमी (73) वार्षिक यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में शामिल होने के लिए लंदन में थीं। सिनेमा में उनके 50 साल पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शबाना आजमी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों और छह फिल्मफेयर पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

उन्हें पिछले सप्ताह एक समारोह में फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन से सम्मानित किया गया।फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन पुरस्कार लंदन या सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्ति को दिया जाता है। आजमी ने कहा, मैं फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन पुरस्कार पाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह सिनेमा की शक्ति का प्रमाण है कि हम सीमाओं को पार करने और समाज पर सार्थक प्रभाव डालने में सक्षम हैं।

## ट्रंप द्वारा पोर्न स्टार को धन देने के मामले में रोक के आदेश को अपीलीय अदालत ने बरकरार रखा



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पोर्न स्टार को गुप्त रूप से धन दिए जाने संबंधी मामले में न्यूयॉर्क की अपीलीय अदालत ने गवाहों और अन्य लोगों के खिलाफ बयान देने पर लगाई गई रोक का आदेश मंगलवार को बरकरार रखा। अपीलीय अदालत के न्यायाधीश ने पाया कि ट्रंप के सार्वजनिक बयान इस मामले में मौजूदा गवाहों और संभावित गवाहों की गवाही की अखंडता के लिए बड़ा खतरा पैदा करते हैं। ट्रंप ने न्यूयॉर्क की अपीलीय अदालत से अनुरोध किया गया था कि गवाहों और अन्य लोगों के खिलाफ बयान देने के संबंध में उन पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाया या संशोधित किया जाए। अदालत ने ट्रंप का यह अनुरोध खारिज कर दिया।

## पाकिस्तान : 19 करोड़ पौंड भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को मिली जमानत

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के एक हाई कोर्ट ने 19 करोड़ पौंड के भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को बु?धवार को जमानत दे दी. बता दें कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी पर रियल एस्टेट के एक बड़े व्यक्ति से रिश्वत के रूप में अरबों रुपये की जमीन लेने का आरोप है। इस्लामाबाद हाई कोर्ट की दो न्यायाधीशों की पीठ ने बहस पूरी होने के बाद मंगलवार को फैसला रिजर्व रख लिया था. कोर्ट ने बुधवार को खान से जमानत के लिए 10 लाख का मुचलका दाखिल करने के लिए कहा. हालांकि कोर्ट के इस फैसले से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की अदियाला जेल से रिहाई होने या न होने पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा क्योंकि गोपनीय दस्तावेज और इद्दत मामलों में उनकी सजा को फिलहाल सस्पेंड किया हुआ है.

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# सैन्य मदद का संदेश लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री पहुंचे यूक्रेन

**अमेरिका:** अमेरिका से हथियारों की खेप यूक्रेन के रास्ते में है. यह संदेश ले कर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन रूस के साथ जारी युद्ध के बीच चौथी बार यूक्रेन आए हैं।




हाल ही में अमेरिकी संसद ने यूक्रेन के लिए कई हफ्तों की राजनीतिक खींचतान के बाद 61 अरब अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज को मंजूरी दी थी. यूक्रेन के सैनिकों के लिए कई जरूरी सामान और हथियार इसमें शामिल है।

रूस ने पिछले कुछ हफ्तों से यूक्रेन में अपना अभियान तेज कर दिया है. कीव में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात में ब्लिंकेन ने कहा, "सहायता रास्ते में हैं और वह रूसी हमले के खिलाफ सचमुच फर्क लाएगी."

**एयर डिफेंस की जरूरत**

अमेरिका की तरफ से टैंक, एयर डिफेंस इंटरसेप्टर और लंबी दूरी की मिसाइलें पहले ही भेजी जा चुकी हैं. ब्लिंकेन के साथ यात्रा कर रहे एक अधिकारी ने बताया कि इनमें से कुछ पहले ही मोर्चे पर पहुंच चुके हैं।

पोलैंड से रात भर ट्रेन की यात्रा कर कीव पहुंचे ब्लिंकेन की फरवरी 2022 के बाद चौथी बार सोमवार को कीव पहुंचे. जेलेंस्की ने अमेरिका की मदद के लिए आभार जताया और कहा, "पैकेज पर फैसला हमारे लिए बेहद अहम था."

जेलेंस्की का कहना है कि यूक्रेन के लिए सबसे बड़ी कमी एयर डिफेंस की है. उनका कहना है कि खारकीव इलाके में दो पैट्रियट बैट्रियों की जरूरत है. जेलेंस्की के मुताबिक इस इलाके में रूसी सेना आगे बढ़ कर सीमा पर मौजूद गांवों पर प्रहार कर रही है.

सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा कि यूक्रेन तक हथियारों को जल्दी से पहुंचाने के लिए वे "सबकुछ" कर रहे हैं. अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवान ने पत्रकारों से कहा कि हथियारों के एक नए पैकेज की जल्दी ही घोषणा होगी.

**खारकीव पर निशाना**

खारकीव शहर के बाहर एक चेक प्वाइंट पर एक अधिकारी ने बताया कि रूसी सेना यूक्रेन में "सीमा पर मौजूद गांवों के जरिए घुस रही है जिसकी रक्षा करना हमारे लिए बहुत जटिल है." खारकीव जिले के सैन्य प्रशासन के प्रमुख वोलोदिमीर उसोव ने कहा, "वे ऊंचाई पर हैं और हम पर फायरिंग कर रहे हैं"

बीते हफ्ते में शुक्रवार को खारकीव इलाके में शुरू हुए रूस के आकस्मिक हमले की वजह से हजारों लोगों को उनके घरों से निकाल कर सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया गया है. यूक्रेन को वहां आनन फानन में सैनिकों को भेजना पड़ा है. यूक्रेनी सेना ने माना है कि रूसी सेना फुर्ती से सफलता हासिल कर रही है लेकेनि जेलेंस्की ने जोर दे कर कहा कि उन्होंने सैनिको को खारकीव में भेजा है और "वहां हमारा जवाबी हमला जारी है."

यूक्रेन की सुरक्षा परिषद के प्रमुख ओलेक्सांद्र लित्विनेंको का कहना है कि नए हमलों के लिए खारकीव इलाके में रूस ने सैनिकों की तैनाती भारी संख्या में बढ़ा दी है. लित्विनेंको ने कहा, "बहुत सारे रूसी हैं, बहुत ज्यादा. करीब 50,000 तो सीमा पर हैं. अभी 30,000 से ज्यादा और सैनिक आ रहे हैं."

एक अमेरिकी अधिकारी ने समाचार एजेंसी एपी को बताया कि हाल में कुछ जगहों पर पीछे हटने के बावजूद यूक्रेन अब भी बड़ी जीत के दावे कर सकता है. इस अधिकारी के मुताबिक युद्ध के शुरूआती महीनों में रूसी सेना ने जिन इलाकों पर कब्जा किया था उनमें लगभग आधी जमीन यूक्रेन दोबारा अपने नियंत्रण में ले चुका है। इस अधिकारी ने माना कि यूक्रेन के सामने "कठिन लड़ाई" है और उस पर "बहुत ज्यादा दबाव" है. हालांकि उनकी दलील है कि यूक्रेन के लोग अब ज्यादा आत्मविश्वास से भरे हैं क्योंकि अमेरिका और पश्चिमी देशों की सहायता आनी शुरू हो गई है.

# टूट जाएगा पाकिस्तान पीओके में थम नहीं रहा लोगों का गुस्सा

**पाकिस्तानी:** सोमवार को महंगाई के खिलाफ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाकिस्तानी रेंजर्स ने फायरिंग कर दी. इस गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई. लोग महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बिजली बिल और महंगाई के खिलाफ लोगों के विरोध प्रदर्शन का सोमवार को चौथा दिन था. प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प के दौरान पाकिस्तानी रेंजर्स ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम तीन लोग मारे गए.




मुजफ्फराबाद के डिप्टी कमिश्नर नदीम जांजुआ ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि "तीन प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई, तीनों की मौत गोली लगने से हुई. फिलहाल आठ लोगों के घायल होने की खबर है."

कंबाइंड मिलिट्री हॉस्पिटल के एक डॉक्टर ने इससे पहले एएफपी को बताया, "कई रेंजर्स भी घायल हुए हैं, उनकी सूची तैयार की जा रही है." इसी अस्पताल के एक और डॉक्टर ने नाम न छापने की शर्त पर कहा मृतकों में एक नौवीं कक्षा का छात्र है और दूसरा मृतक 30 साल का व्यक्ति है.

यह विरोध प्रदर्शन अवामी एक्शन कमेटी के बैनर तले हो रहा है, जिसका नेतृत्व ज्यादातर व्यापारी कर रहे हैं. शहबाज शरीफ सरकार ने सोमवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए 24 अरब रुपये का बजट मंजूर किया है, इसके बावजूद विरोध प्रदर्शनों में 10 हजार से अधिक लोग शामिल हुए. विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए संघीय सरकार ने क्षेत्र में पाकिस्तानी रेंजर्स को भेजा और वहां इंटरनेट सेवाएं बंद रही.

**सब्सिडी की घोषणा**

सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में एक आपातकालीन बैठक के बाद पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक ने कहा कि बिजली और आटे के लिए सब्सिडी के वित्तीय पैकेज की व्यवस्था की गई है.

शरीफ के साथ बैठक के बाद हक ने बिजली दरों में कटौती की घोषणा की. उन्होंने कहा स्थानीय लोग पिछले कई दिनों से सस्ती बिजली और आटा पर सब्सिडी की मांग कर रहे थे. उन्होंने कहा कोई भी सुलभ बिजली और सस्ते आटा की जरूरत को नजरअंदाज नहीं कर सकता.

अवामी एक्शन कमेटी के एक सदस्य सरदार साकिब शाहीन ने इस्लामाबाद में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "कुछ मांगें पूरी हुईं और कुछ नहीं हुईं."

**महंगाई की मार से परेशान पाकिस्तान**

पाकिस्तान को हाल ही में एक बड़े वित्तीय संकट का सामना करना पड़ा था, जिसके कारण आयात ठप्प हो गया, मुद्रास्फीति बढ़ गई और डॉलर के मुकाबले रुपया गिर गया. हालांकि, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ समझौतों की मदद से मुद्रास्फीति लगातार कम हुई है और मुद्रा दर स्थिर हो गई है.

पिछले साल मई में महंगाई दर 38 फीसदी तक बढ़ गई थी. जबकि इस अप्रैल में महंगाई दर घटकर 17.3 प्रतिशत हो गई, जो सरकार के पूवार्नुमान से कम है. पाकिस्तान का कहना है कि आने वाले महीनों में देश की आर्थिक स्थिति में और अधिक सुधार की उम्मीद है.

## नेपाली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने बलात्कार के आरोप से बरी




**काठमांडू।** नेपाली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को बलात्कार के आरोप में जिला अदालत से मिली सजा को उच्च अदालत ने पलट दिया है। उन्हें बलात्कार के आरोप से बरी कर दिया गया है। इसके साथ ही उनके टी-20 विश्वकप में खेलने का रास्ता साफ हो गया है। उच्च अदालत पाटन ने आज क्रिकेटर संदीप लामिछाने पर नाबालिग के साथ बलात्कार के आरोप को खारिज कर दिया। जिला अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए लामिछाने ने उच्च अदालत में रिट दायर की थी। मामले की सुनवाई करते हुए उच्च अदालत के न्यायाधीश सुदर्शन देव भट्ट और अंजू उप्रेती ने कहा कि साक्ष्यों और परिस्थितियों को देखते हुए संदीप लामिछाने पर बलात्कार का आरोप नहीं बनता है। दोनों न्यायाधीशों ने संदीप लामिछाने के खिलाफ जिला अदालत की सजा और जुमार्ने को निरस्त कर दिया है। जिला अदालत ने संदीप को 8 साल की कैद की सजा के साथ 5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था। संदीप लामिछाने को उच्च अदालत से बरी किए जाने के साथ ही उनके टी 20 विश्वकप क्रिकेट खेलने का रास्ता खुल गया है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल ने संदीप के पक्ष में फैसला आने के बाद उन पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने का संकेत दिया है। कल ही बैठक कर संदीप पर लगे प्रतिबंध को हटाकर उन्हें अमेरिका रवाना किया जाएगा।

## दुनिया का एकमात्र देश जहां चुनाव में लगाई जाती है भगवा स्याही, वोटर्स भी करते हैं पसंद

दुनिया के 90 से ज्यादा देशों में चुनावी स्याही का इस्तेमाल होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक देश ऐसा भी है, जहां चुनाव में यूज होने वाली स्याही का रंग भगवा होता है.



नई दिल्ली: वोटिंग के बाद पोलिंग बूथ पर मौजूद अधिकारी वोटर्स की उंगली पर स्याही लगाई जाती है. यह स्याही भारत के तेलंगाना के हैदराबाद और कर्नाटक के मैसूर में बनाई जाती है.शुरू में इस स्याही का कलर बैंगनी होता है, लेकिन वक्त गुजरने के साथ-साथ ही यह काले रंग की हो जाती है.

भारत में बनी इस स्याही का इस्तेमाल 9 से ज्यादा देशों में किया जाता है. इन सभी देशों में स्याही का कलर बैंगनी होती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक देश ऐसा भी है, जहां चुनाव में यूज होने वाली स्याही का रंग भगवा होता है.

**किस देश में लगाई जाती है भगवा स्याही?**

बता दें कि चुनाव में भगवा कलर की स्याही दक्षिण अमेरिकी देश सूरीनाम नाम में किया जाता है. यहां पिछले दो दशकों से चुनावों में भगवा रंग की चुनाव स्याही इस्तेमाल हो रहा है. पहले यहां बैंगनी स्याही का इस्तेमाल होता था, लेकिन 2005 में सूरीनाम विधान सभा चुनाव के लिए मतदाताओं की उंगलियों को चिह्नित करने के लिए बैंगनी की जगह नारंगी स्याही का इस्तेमाल किया गया. यह कलर वोटर्स को भी काफी पसंद आया था.

**जानें कहां -कहां होता है चुनाव में स्यागी का इस्तेमाल**

दुनिया के 90 से ज्यादा देशों में चुनावी स्याही का इस्तेमाल होता है. इन देशों में अफगानिस्तान, अल्बानिया, अल्जीरिया, बहामास, कंबोडिया, चिली, डोमिनिक गणराज्य, मिस्त्र, ग्वाटेमाला, होंडूरास, इंडोनेशिया, इराक, केन्या, लेबनान, लीबिया, मालदीव्स, मैक्सिको, म्यांमार, नेपाल, निकारागुआ, नाइजीरिया, पाकिस्तान, फिलीपीन्स, पेरू, सेंट किट्स, सोलोमन आईलैंड्स, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, सूडान, त्रिनिदाद, सीरिया, ट्यूनीशिया, तुर्की, वेनेजुएला और अमेरिका का नाम शामिल है.

**चुनाव में क्यों होता है स्याही का इस्तेमाल?**

स्याही इस बात का प्रमाण होती है कि वोटर ने अपने वोट डाल दिया है. वोटिंग के बाद उंगली पर स्याही लगाकर यह चिन्हित किया जाता है कि कोई भी वोटर एक बार मतदान करने के बाद दोबारा वोट न कर सके.